हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025



# प्राइमरी छात्रों के लिए मिलेंगे 6.19 रुपए, मिडिल स्कूल के लिए पौने दो रुपए

## अविभाजित जिले में 2693 स्कूल, 1.71 लाख बच्चे, बढ़ोत्तरी के बाद रोजाना 1.29 लाख का अतिरिक्त भार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मध्यान्ह भोजन योजना के तहत प्रति छात्र मिलने वाली राशि में केंद्र सरकार ने बढ़ोत्तरी कर दी है। अब से प्राईमरी स्कूलों में प्रति छात्र के हिसाब से 6.19 रुपए दिए जाएंगे। वहीं मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए यह राशि बढ़ाकर 9.29 रुपए कर दी गई है। ज्ञात हो कि अविभाजित जिले में करीबन 27 सौ स्कूलों में पौने दो लाख बच्चों को मध्यान्ह भोजन दिया जाता है। हालांकि रसोईयों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा की गई यह बढ़ोत्तरी महंगाई के हिसाब से कम है। इधर बढ़ोत्तरी के बाद हर रोज अविभाजित जिले में 1.29 लाख का अतिरिक्त भार शासन पर पड़ने वाला है। उल्लेखनीय है कि मध्यान्ह भोजना योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है, इसका उद्देश्य सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। इस योजना से बच्चों में कुपोषण की समस्या कम होती है। यह योजना 6 से 14 साल के बच्चों के लिए है। इस योजना के तहत प्राथमिक स्तर के बच्चों को 450 कैलोरी और 12 ग्राम प्रोटीन का भोजन दिया जाता है। इसके लिए महिला समूहों द्वारा भोजन की व्यवस्था कराई जाती है। महिला समूहों को प्रति छात्र के अनुसार भुगतान होता है। इसी भुगतान की दर में केंद्र सरकार द्वारा इजाफा किया गया है।

### स्कूलों में पौने दो लाख बच्चे

एमडीएम योजना के तहत अविभाजित जिले में कुल 2693 स्कूलें और 171668 बच्चे हैं। इनमें राजनांदगांव जिले में 1206 स्कूलों में 89515 बच्चे हैं। जिनमें 791 प्राथमिक स्कूल में 52696 और 415 मिडिल स्कूल में 36819 बच्चे शामिल हैं। खैरागढ़ जिले में कुल 652 स्कूल में 45495 बच्चे हैं। जिनमें 464 प्राथमिक शाला में 27244 और 188 मिडिल स्कूल में 18251 बच्चे शामिल हैं। मोहला-मानपुर जिले में कुल 835 स्कूलों में 36658 बच्चे हैं। जिनमें 621 प्राथमिक शाला में 22484 और 214 मिडिल स्कूल में 14174 बच्चे शामिल हैं।



### केंद्र और राज्य देंगे पैसे

योजना के तहत 60 फीसदी पैसा केंद्र और 40 फीसदी फंड राज्य सरकार देती है। अब केंद्र सरकार द्वारा योजना के तहत दर में इजाफा करने से प्राइमरी स्कूल के बच्चों को 6.19 रुपए और मिडिल के बच्चों को 9.29 रुपए का मिड-डे-मील मिलेगा। बढ़ी हुई दर में प्राइमरी में 3.71 रुपए और मिडिल में 5.57 रुपए केंद्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। वहीं राज्य सरकार प्राथमिक में 2.48 रुपए और अपर प्राथमिक में 3.72 रुपए का सहयोग योजना के तहत करेगी।

### साढ़े छह हजार रसोईया

अविभाजित जिले में 1.71 लाख बच्चों को मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का जिम्मा 2693 महिला समूहों को दिया गया है। इसके अंतर्गत कुल 6529 महिलाएं रसोईया खाना पकाने का काम करती है। सभी स्कूलों के लिए पहले से ही विभाग की तरफ से मेनू तय होता है। जिसके अनुसार ही रोजाना भोजन देना होता है। रसोईयों को हर महीने इस काम के लिए दो हजार रुपए का मानदेय भी दिया जाता है।

---

## अंचल का अधिकतम तापमान पहुंचा 37 के करीब, होली पर दिखेगा असर

# होली से पहले ही धूप तेज, 21 मार्च को दिन-रात होंगे बराबर, माहांत तक 40 डिग्री जाएगा पारा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में गर्मी का दौर शुरू हो चुका है और इस बार होली पर तेज धूप अपना असर दिखाएगी। 21 मार्च को दिन-रात बराबर होंगे। जिसके बाद गर्म हवाएं अपना असर दिखाएंगी और अंत तक लोगों को 40 डिग्री से ज्यादा की गर्मी सहनी पड़ेगी।

पश्चिमी विक्षोभका उतार-चढ़ाव जारी है। इस बीच रात में हल्की ठंड बरकरार है, मगर दिन का पारा चढ़ने लगा है। रविवार को राजनांदगांव में सबसे अधिक गर्मी रही और तापमान 38.5 तक पहुंच गया। राजधानी रायपुर भी गर्मी के मामले में पीछे नहीं है और दोपहर की कड़ी धूप के बीच पारा 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि होली के दिन राजनांदगांव समेत प्रदेश में तेज गर्मी रह सकती है। अभी गर्मी बढ़ते दौर में है और 13 मार्च तक अधिकतम तापमान बढ़ते दौर में रहेगा। इसके बाद पुनः आने वाली दक्षिणी हवा मौसम में थोड़ा बदलाव कर सकती है। अभी दिन की तुलना में रात बड़ी है और 21 मार्च को दिन-रात की लंबाई बराबर होगी।

**खास बातें**

- दिर और रात के तापमान में काफी अधिक अंतर
- दक्षिणी हवाओं से बदलेगा मौसम का मिजाज



### अप्रैल-मई में ज्यादा गर्मी, हिट-वे भी अधिक

दिल्ली के मौसम विशेषज्ञों ने इस बार देश में अधिक गर्मी रहने की संभावना जताई थी। जिसका असर महसूस होने लगा है। राज्य के मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक अभी पश्चिमी विक्षोभ लगातार सक्रिय हो रहा है। इसके असर से कई इलाकों में बादल भी छा रहे हैं, मगर यह बढ़ती गर्मी के अहसास को कम नहीं कर पा रहा है। महीने के दूसरे सप्ताह में ही राज्य का तापमान 38 डिग्री को क्रॉस कर चुका है। राजनांदगांव में मंगलवार को पारा 38 तक पहुंच चुका है।

### साल में दो बार दिन-रात बराबर

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक साल में दो बार ऐसी स्थिति आती है, जब दिन और रात की अवधि सामान होती है। 21 मार्च को यह स्थिति बनने के बाद रात की लंबाई कम होती चली जाएगी। दिन बड़ा होने की वजह सूर्य को धरातल को गर्म करने के लिए ज्यादा वक्त मिलेगा। इसी तरह 23 सितंबर को जब रात-दिन बराबर होता है, इसके बाद दिन घटता है, ठंड का सीजन शुरू होने लगता है।

### अप्रैल के शुरूआत से ही चलेगी लू!

माना जा रहा है कि माह के अंतिम दिनों में तापमान 40 डिग्री के पार होकर पिछले दस साल के रिकार्ड के बराबर 41.6 के समीप पहुंच सकता है। इस दौरान उष्ण हवाएं लू जैसे हालात भी बना सकती है। मार्च के महीने में गर्मी का प्रभाव दिन में अधिक रहता है और रात को मौसम ठंडा रहता है। मगर जैसे-जैसे अप्रैल नजदीक आता है, रात की ठंड भी गायब होने लगती है।

---

# शिवनाथ नदी से अवैध रेत खनन

## खुटेरी में रात के वक्त हो रही रेत निकासी, गांव में कई जगह डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेत के अवैध कारोबार में जुटे लोगों द्वारा शिवनाथ नदी का सीना चीरकर मशीनों की सहायता से रेत की निकासी की जा रही है। जिला मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर सोमनी क्षेत्र के समीप ग्राम खुटेरी से रात के अंधेरे में रेत की तस्करी की जा रही है। नदी के समीप कई खेतों, कोठार और फार्म हाऊस में रेत डंप है। यहां रात के अंधेरे में रेत की तस्करी की जा रही है और सुबह सभी वाहनों को दूसरी जगह पर ले जाकर छुपा दिया जाता है।

**रातभर रेत की चोरी**

गांव के कुछ लोगों के अनुसार यहां लंबे समय से रेत की निकासी की जा रही है। रात लगभग 9 बजे से सुबह 5 बजे तक नदी से रेत निकाली जाती है। वहीं नदी से रेत निकालकर गांव के आऊटर क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रेत डंप कर रखा गया है।



### उंचे दामों पर बेच रहे रेत

बताया जा रहा है कि खुटेरी स्थित शिवनाथ नदी से तीन लोगों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर रेत की निकासी कराई जा रही है। रेत तस्करों द्वारा इस रेत को ऊंचे दामों पर अन्य जगहों में बेचा जा रहा है। गांव के कुछ लोगों की शिकायत के बाद भी रेत निकासी का सिलसिला नहीं थमा है।

### नदी में हो रहा कटाव

शिवनाथ नदी से अवैध रेत निकासी करने से नदी में कटाव की स्थिति भी बन रही है। खुटेरी के मुक्तिधाम के रास्ते से शिवनाथ नदी से रेत निकासी की जा रही है। इस रेत निकासी के लिए रात के वक्त जेसीबी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। रात के वक्त यहां से कई ट्रिप रेत का परिवहन हो रहा है।

---

# शहर के बाबूटोला क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर नवागांव क्षेत्र के बाबूटोला में अवैध प्लाटिंग किए जाने की शिकायत सामने आई है। यहां लगभग 5 एकड़ में अवैध प्लाटिंग करते टुकड़ों में जमीन बेची जा रही है। इसके लिए कई वृक्षों को भी काटकर मैदान को समतल किया गया है। वहीं प्लाटिंग क्षेत्र में प्रीकास्ट वॉल भी बना दिया गया है। बाबूटोला और बजरंगपुर नवागांव क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा पहले भी टुकड़ों में प्लाट काटकर बेचा गया है। इन घोषित कॉलोनियों में अब तक सड़क और नाली की सुविधा भी नहीं मिली है। जिसके चलते प्लांट खरीदी करने के बाद मकान बनाकर रह रहे लोग परेशान हैं।



### क्रेताओं को दे रहे धोखा

अवैध और घोषित कॉलोनी में प्लॉट के रजिस्ट्री करते समय क्रेता को धोखे में रखकर सड़क, नाली, पानी व बिजली जैसी सुविधा देने की बात की जाती है, लेकिन प्लॉट बिक्री करने के बाद वर्षों से निवासरत लोग सुविधा से अब तक वंचित है।

### कई प्लाट काटे गए

बाबूटोला में बरसाती नाले के समीप समतलीकरण कर कई प्लाट काटकर बेचे जा रहे हैं। यहां लगभग पांच एकड़ में प्लाटिंग की गई है। इस प्लाटिंग में प्रीकास्ट वॉल भी बनाया गया है।

### नाला पाटने की तैयारी

बाबूटोला में जिस जगह अवैध प्लाटिंग की शिकायत की जा रही है, वहां झोल रकबे पर कब्जा किया जाना भी बताया जा रहा है। वहीं अवैध प्लाटिंग करने वाले यहां से गुजर रही बरसाती नाले को पाटने की तैयारी भी कर रहे हैं। इस जगह के सीमांकन के बाद ही कब्जा भूमि स्पष्ट होगी।

---

# स्वच्छता सर्वे के लिए सार्वजनिक शौचालयों का हो रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए आगामी दिनों में केन्द्रीय स्वच्छता की टीम शहर में आएगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था का आंकलन करने के साथ ही यहां के नागरिकों से स्वच्छता को लेकर फीडबैक लेगी। ऐसे में शहर की बेहतर सफाई व्यवस्था को बनाकर राजनांदगांव नगर निगम को स्वच्छता रैंकिंग में पुरस्कार दिलाने के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । इसके तहत शहर के सार्वजनिक सर्वजनियों का भी कायाकल्प हो रहा है।

स्वच्छता रैंकिंग के लिए सार्वजनिक शौचालय एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। यहां की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए शौचालयों की मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। शौचालय के बाहर की दीवारों पर एसीपी शीट लगाकर शौचालय को बेहतर लुक दिया जा रहा है। शौचालयों में एकजास्ट फैन, सेनेटरी मशीन, डस्टबिन, आयना, हैंडवास, पेपर नेपकीन, बाल्टी, मग आदि की व्यवस्था करनी है। इसके अलावा शौचालय का नाम तथा महिला, पुरूष, दिव्यांग, वासबेसिंन का स्पष्ट उल्लेख करना है।



### मापदंड अनुसार मरम्मत कार्य

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंड के अनुसार शौचालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। शौचालय के रंग-रोगन, मरम्मत का कार्य भी लगभग पूरा हो गया।

### प्रधानमंत्री का संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुले में शौच की प्रथा को बंद करने के लिए हर घर में शौचालय बनाने पर जोर दिया और आज लगभग सभी घरों में पक्के शौचालय का निर्माण हो चुका है। स्वच्छता में शौचालय पहली और महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रधानमंत्री की मंशा अनुरूप शौचालय को सुविधाजनक और बेहतर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा भी भरसक प्रयास किया जा रहा है।

### शौचालय में रंग-रोगन

शहर के विभिन्न सार्वजनिय मत का कार्य अंतिम चरण में है। वहीं शौचालयों की बाहरी दीवार पर एसीपी सीट लगाने का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। वहीं कुछ शौचालयों में रंग-रोगन किया जा रहा है। शहर के सार्वजनिक शौचालय को बेहतर बनाने के लिए शौचालय की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता में लिया गया है। इस दौरान शौचालय के भीतर टूटे हुए नाल, दरवाजे और कुंडियों को बदला जा रहा है।

---

# पुलिस के सामने कांग्रेसियों ने जलाया ईडी और भाजपा का पुतला, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की दबिश के बाद आक्रोशित कांग्रेसियों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सामने ही ईडी और भाजपा का पुतला दहन भी किया। इसके साथ ही भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस द्वारा आग बुझाने के लिए इस्तेमाल किए गए फायर फायटर से छोटे दुकानदारों के सामान खराब हुए। जिससे उनमें भी नाराजगी देखने को मिली।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भिलाई निवास पर सोमवार को ईडी की टीम ने दबिश देकर दस्तावेज खंगालने की कार्रवाई की है। इसी कार्रवाई के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस संगठन ने रणनीति बनाकर निर्देश जारी कर सभी जिला मुख्यालय में मंगलवार को पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित करने कहा था। जिले में भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश अनुसार पहले सभी नेता एवं कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में जमा हुए। वहां से करीबन दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, कमलजीत सिंह पिंटू, हफीज खान, थानेश्वर पाटिला, आसिफ अली, पदम कोठारी, दिनेश शर्मा, मेहुल मारू, अमित चंद्रवंशी, झम्मन देवांगन एवं अन्य उपस्थित रहे।





### फायर फायटर से बुझाई आग

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों द्वारा ईडी एवं भाजपा का पुतला जलाने के बाद उसे बुझाने के लिए पुलिस ने फायर फायटर का उपयोग किया। फायर फायटर से पुतला तो बुझ गया, लेकिन उपयोग से धरना स्थल के आसपास सड़क पर होली पर्व को देखते हुए दुकान लगाने वाले छोटे व्यापारियों का भी काफी नुकसान हो गया। वहां लगी दुकान में रखी शक्कर माला, गंगा इमली पर फायर फायटर की धुल जाने से वह खराब हो गए। इसके अलावा बाजार आए लोगों द्वारा पार्क किए गए वाहनों पर भी धुल जमा गई। जिसके चलते लोगों को मशक्कत कर वाहनों को पहले साफ करना पड़ा।

### विधायकों ने बनाई दूरी

प्रदेश कांग्रेस संगठन द्वारा पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर जारी निर्देश में साफतौर पर कहा गया था कि जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सभी कांग्रेस विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद के साथ ही एआईसीसी एवं पीसीसी के पदाधिकारियों को शामिल होना था, लेकिन जिला मुख्यालय में आयोजित किए गए धरना प्रदर्शन में जिले के तीनों कांग्रेस विधायक, दोनों पूर्व महापौर सहित वरिष्ठ कांग्रेसियों की अनुपस्थिति देखने को मिली। इसके अलावा निगम के अधिकांश नवनिर्वाचित कांग्रेसी पार्षद भी गायब रहे।

---

## रंगो का पर्व होली को लेकर तैयारियां शुरू, 14 की सुबह खेली जाएगी होली

# 13 मार्च की रात 11.32 बजे भद्रा हटने के बाद होगा होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में फाग स्पर्धाओं से वातावरण त्यौहारमय होने लगा है। बाजार में गुलाल-अबीर, पिचकारियों की दुकानें सजी हुई है। पंडितों के मुताबिक 13 मार्च को सुबह से भ्रदा लगी रहेगी, रात में भद्रा हटेगी इसके बाद ही होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। 14 को सुबह से रंगोत्सव मनाया जाएगा।

त्यौहारों के क्रम में होली रंगोत्सव को लेकर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है। घर-घर में जहां पकवान इत्यादी बनाकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में फाग गीत एवं नगाडों की गूंज सुनाई देने लगी है।

**पर्व के लिए जमकर खरीदी, बिखरने लगे रंग-गुलाल:** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में पर्व के लिए नगाडे, कई प्रकार की पिचकारियां, बताशे के हार, विविध रंग-गुलाल सहित अन्य सामग्रियों की दुकानें सज चुकी है, जहां से खरीदी भी व्यापक रूप से की जा रही है। समीप पर्व को देखते हुए बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल अधिक है। व्यवसायियों को भी होली पर्व पर बेहतर व्यवसाय होने की उम्मीद है। कई लोगों ने पर्व से पहले ही रंग-गुलाल आपस में खेलकर पर्व की अग्रिम बधाई व खुशियां बांटने में जुटे हुए हैं।



### फाग गीतों ने बनाया माहौल

इधर होली पर्व के चलते शहर से लेकर गांव-गांव में जहां नगाडों की थाप और फाग गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। वहीं लोगों ने पर्व को उत्साह से मनाने की तैयारियां भी शुरू कर दी है। गांव के चौपाल व चौराहों में ग्रामीण एकत्र होकर फाग गीतों से होलीमय वातावरण बना रहे हैं। वहीं जगह-जगह फाग स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में कलाकारों की फाग मंडली शामिल होकर आयोजनों में चार चांद लगा रहे हैं। फाग स्पर्धाओं में मनमोहक भगवान राधा-कृष्ण की झांकियां सहित विविध झांकियां भी मंडली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। जिससे होली पर्व का वातावरण अभी से बनने लगा है।

### पुलिस अलर्ट, पर्व शांति से मनाने की अपील

रंगोत्सव के चलते जिले की पुलिस अलर्ट है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गणमान्य नागरिकों एवं शांति समिति की बैठक आयोजित कर पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्वक मनाने की अपील लगातार की जा रही है। होली पर्व के दौरान शांति-सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ धरपकड़ अभियान एवं समझाईश देना शुरू कर दिया है। असामाजिक तत्व एवं बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### सुबह पूजा, रात को होलिका दहन

पंडित कालूराम शास्त्री के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन के दिन 13 मार्च को सुबह 10.45 से भद्रा प्रारंभ होगी, जो दिनभर रहेगी। भद्रा का समापन रात 11.32 को होगा। ऐसी मान्यता है कि भद्रा लगे रहने की स्थिति में होलिका दहन नहीं किया जाता, इसलिए ठंडी होली की पूजा सुबह 10.45 के पहले किया जाएगा। वहीं होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त भद्रा समापन के बाद रात 11.32 के बाद है। दूसरे दिन हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाया जाएगा।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHCPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### फाग स्पर्धा का समापन आज

**ठेलकाडीह।** विष्णुपुर में पहली बार रक्तदान शिविर, पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान एवं दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। ग्राम में आयोजित फाग प्रतियोगिता का समापन कल 12 मार्च को होगा। युवा संगठन के पदाधिकारियों ने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

### खपरीकला में सरपंच बनी माधुरी



**मुसरा।** डोंगरगांव ब्लाक की ग्राम पंचायत खपरीकला में सरपंच के पद पर माधुरी साहू और आश्रित ग्राम झिटिया के वार्ड 14 से हीरालाल नारंग पंच निर्वाचित हुए है। उनके निर्वाचन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने बधाई दिया है। उन्होंने ग्रामीणों को हर मूलभूत सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयास करने की बात कही है।

### जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन 22 को

**मोहला।** जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन आगामी 22 मार्च को सुबह 11 बजे डीपीआरसी भवन सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा कार्यभार ग्रहण किया जाएगा। सम्मिलन की अध्यक्षता नव निर्वाचित अध्यक्ष नम्रतासिंह करेंगी।

### प्रथम सम्मिलन आयोजित

**मोहला।** जनपद पंचायत मोहला में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों का प्रथम सम्मिलन आयोजित किया गया। सम्मिलन की अध्यक्षता सीईओ केश्वरी देवांगन ने किया। प्रथम सम्मिलन में जनपद अध्यक्ष गैंदकुवर ठाकुर, उपाध्यक्ष अघनु राम कुमेटी एवं सभी जनपद सदस्य शामिल हुए।

### पांचवीं के छात्रों को बिदाई

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला उरईडबरी में कक्षा पांचवी के छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक बिदाई दिया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधान पाठक पूरन लाल साहू थे। अध्यक्षता सरपंच तोरणबाई मारकंडे ने की। विशिष्ठ अतिथि रेखा देशलहरे, गिरवर चंद्रवंशी, खेमीन बाई रात्रे, प्रेमबाई थी। छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद कक्षा पांचवी के छात्र छात्राओं को पेन कापी देकर सम्मानित किया गया। पूरनलाल साहू ने शिक्षा की विशेषता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ऋतुराज साहू, पदमा चंद्रवंशी, कलिताबाई, सावित्री साहू, प्रेमबाई, हरेलिया बाई, नूतनबाई, रूखमणीबाई, दुलेश्वरी, ओमकार, रूपेश कुमार, हीरासिंग, चमनसिंह, प्रीतम मारकंडे, तिजियाबाई, धनकुंवर बाई, सकीनाबाई, देवकुमारी, पदमाबाई, खिलावन, उमेश कुमार, मनोहर, पुसऊराम आदि उपस्थित थे।



### क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

**डोंगरगढ़।** बधियाटोला में चैंपियन क्रिकेट क्लब ने रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया है। स्पर्धा का गत दिनों पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, पार्षद राजा सेन, भूपेंद्र मरकाम, प्रकाश बिंदल, संतोष राव, परविंदर सिंह मोंटी, श्यामू नरेडी, प्रिंस कक्कड़, विनीत यादव, वीरेंद्र साहू, सन्नी चिखले, अखिलेश गढ़वाल की उपस्थिति में आरंभ किया गया। पहला मैच आयोजन समिति और ढाबा टीम के बीच खेला गया।



### प्रशासनिक लापरवाही से धान की चोरी

**डोंगरगढ़।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ राजनांदगांव के संरक्षक ईश्वर श्रीवास ने मेढा.समिति में धान चोरी के मामले को प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा करार दिया है। उन्होंने कहा है कि धान खरीदी 31 जनवरी से समाप्त हो गई है लेकिन मेढा सहित अन्य सोसायटियों में अब तक लाखों क्विंटल धान पड़ा है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। प्रशासनिक लापरवाही के कारण चोरियां हो रही है। जानवर भी परेशान कर रहे हैं। गर्मी के कारण धान लगातार सूख रहा है। समिति प्रबंधकों की परेशानी को देखते हुए सरकार को धान का उठाव कराने तत्काल कदम उठाना चाहिए।

### महिलाओं को बताया अधिकार



**डोंगरगढ़।** थाना डोंगगढ़ में एसआई रामेश्वरी बघेल ने महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को संविधानिक एवं मौलिक अधिकारों के बारे मे बताकर जागरूक किया। इस मौके पर मिठाई बांट कर महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

### फाल्गुन महोत्सव की धूम

**डोंगरगढ़।** मारवाडी समाज द्वारा पुरानी परम्परा अनुसार खाटूश्याम फाल्गुन महोत्सव का धूमधाम से मनाया जा रहा है। भुत परिवार ने महिलाओं की मेंहदी रस्म के बाद शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा मुकेश भुत के घर से निकल कर भंडारी चाल होते हुए गोलबजार, अग्रसेन भवन, जयस्तंभ चौक, सत्यनारायण मंदिर होते हुए स्टेट बैंक रोड पहुंच समाप्त हुई। यात्रा में महिलाएं निशान के साथ शामिल हुई। इस मौके पर अग्रवाल मारवाडी समाज के लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, बिरेन्द्र अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, मधु अग्रवाल, अप्पु भुत निखार भुत, प्रकाष मांगीलाल अग्रवाल, मयुर भुत, विशाल अग्रवाल, अभिनव भुत, कान्हा अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, बसंत अग्रवाल सहित अन्य शामिल हुए।



### फाग गायन स्पर्धा आज

**डोंगरगढ़।** ग्राम पलान्दुर में कल 12 मार्च को फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मां गायत्री नवयुवक फाग उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सरपंच मानिकलाल वर्मा होंगे। कार्यक्रम में दुर्गाप्रसाद रात्रे, किरण साहू, लखनसिंह, सियाराम वर्मा मौजूद रहेंगे। स्पर्धा के झांकी वर्ग में विजेताओं को क्रमशः 6001, 4500, 3500, 2500, 1500, रचना पक्ष में 4001, 3500, 3000, 2500, 2000, 1500 रूपए दिया जाएगा। यह जानकारी दीपक पटेल ने दी।

## निर्दलीय पार्षद मतदान में नहीं हुए शामिल

# कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग नपा में भाजपा का बना उपाध्यक्ष

**छुरिया।** नगर पंचायत छुरिया के प्रतिष्ठापूर्ण उपाध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग के चलते भाजपा ने बाजी मार ली। यहां भाजपा के दो बार के पार्षद भूषण नेताम ने उपाध्यक्ष चुनाव जीत लिया। इस प्रकार छुरिया नगर पंचायत में अब अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा हो गया।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव आज गहमा-गहमी के बीच संपन्न हुआ। चुनाव में पीठासीन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन के समक्ष भाजपा के पार्षद भूषण नेताम एवं कांग्रेस के पार्षद सोनू खान ने अपना नामांकन फार्म दाखिल किया। नाम वापसी के बाद मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जहां भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं भाजपा के सात पार्षदों सहित उनकी संख्या आठ थी। वहीं कांग्रेस में पार्षदों की संख्या सात थी। भाजपा एवं कांग्रेस सहित कुल 15 लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया। वहीं एक निर्दलीय पार्षद अनिल लारोकर ने मतदान प्रक्रिया में भाग नहीं लिया। इस तरह पीठासीन अधिकारी ने मतदान प्रक्रिया के पश्चात परिणाम की घोषणा की। जिसमें भाजपा के पार्षद भूषण नेताम को जहां 11 मत प्राप्त हुए। वहीं कांग्रेस के सोनू खान को 3 मतों से संतुष्ट होना पड़ा। उनके अपने दल के कांग्रेस के तीन पार्षदों ने उनके खिलाफ क्रॉस वोटिंग की। वहीं एक कांग्रेस पार्षद का मत निरस्त घोषित किया गया। इस तरह उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के भूषण नेताम ने शानदार जीत दर्ज की।

उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा के चुनाव प्रभारी दिनेश गांधी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, रमेश पटेल, जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, एमडी ठाकुर, हिरेन्द्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, गीता घासी साहू, जिला पंचायत सदस्य बीरमबाई, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, कैलाश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कान्ता साहू, गैंदाटोला मंडल अध्यख खिलेश्वर साहू, शेखर भरद्वाज, हिरदे देवांगन, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, सोनू कसेर, प्रिंस भाटिया, मोनू गुप्ता, सीमा सिन्हा, संगीता यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**चुनाव के पहले शपथ**

नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव के पहले कांग्रेस के सात, भाजपा के एक एवं एक निर्दलीय सहित 9 पार्षदों को एसडीएम श्रीकांत कोर्राम ने गोपनीयता की शपथ दिलाई, ताकि वे उपाध्यक्ष के चुनाव में शामिल हो सके।

**कांग्रेस में मायूसी**

नगर पंचायत के अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को करारी हार का सामना करना पड़ा था। वहीं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस ने पार्षद सोनू खान को अपना प्रत्याशी बनाया था। नगर पंचायत में कांग्रेस पार्षदों की संख्या सात थी। इस चुनाव में कांग्रेस के तीन पार्षदों ने अपने प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोटिंग किया। वहीं एक कांग्रेस पार्षद का मत निरस्त घोषित किया गया। परिणाम आते ही कांग्रेसियों में मायूसी देखी गई।



# अध्यक्ष ने संभाला नगर पंचायत की बागडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने शपथ ग्रहण करने के बाद 11 मार्च को कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण करने के पहले अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने अपनी धर्मपत्नी निशा खुशरो के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया। इस दौरान वार्ड 1 के पार्षद तामेश्वर साहू, वार्ड 5 के अमन सोनी,वार्ड 6 के पार्षद सोनल ताम्रकर,वार्ड 9 के पार्षद इशरत अंजुम, वार्ड 14 पार्षद ननकी चतुर्वेदी एवं वार्ड 15 के पार्षद दिलीप ओगरे ने भी पदभार ग्रहण किया। इस दौरान वकील सतीश सिंघानिया, बांके वर्मा, भिगेश यादव, मोहसिन खान, दामोदर जायसवाल, वेदांत यदु, किसान बंधु सहित नगर के नागरिक एवं कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**चेंबर का कराया रंग-रोगन**

पदभार ग्रहण करने से पहले अध्यक्ष चेम्बर का रंग रोगन कराया गया है। अध्यक्ष की कुर्सी के पीछे मां गंगाई एवं माँ दुर्पता का फोटो लगाया जाएगा। पदभार लेने के पश्चात अध्यक्ष ने निकाय कर्मचारियों से विभिन्न विषयों पर बात करते हुए निकाय की कार्यप्रणाली की जानकारी लिया। इस दौरान निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनपद का प्रथम सम्मिलन आज

**डोंगरगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद कल 12 मार्च को स्थानीय जनपद पंचायत में प्रथम सम्मिलन का आयोजन सभागार में किया गया है। सीईओ रौशनी भगत ने बताया कि सुबह 11 बजे होने वाले कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत करने के बाद बैठक की प्रारंभिक प्रक्रिया पूरा किया जाएगा।

# आयुक्त का घेराव 21 मार्च को



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ मांगे पूरी नहीं होने से कर्मचारी संघ नाराज

छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक गत 9 मार्च को राजनांदगांव में संपन्न हुई।

बैठक में प्रांतीय निकाय के आव्हान पर आयुक्त आदिवासी विकास विभाग का घेराव करने का निर्णय लिया गया। संघ ने आयुक्त को 16 बिंदुओं का ज्ञापन दिया था। एक माह से अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी आयुक्त द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। संघ ने आगामी 21 मार्च को आयुक्त का घेराव करना तय किया है।

इसी दिन लोक निर्माण विभाग की आउट सोर्सिंग ठेका प्रथा के विरोध में प्रमुख अभियंता को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पदाधिकारियों ने सभी से 21 मार्च को नया रायपुर पहुंचने का आव्हान किया है।

# धान चोरी के आरोपियों को भेजा जेल

■ मेढ़ा सोसायटी से चोरी किया था 38 कट्टा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मेढ़ा धान खरीदी केन्द्र से धान चोरी करते पकड़े गए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों से 38 कट्टा धान, 2 नग मोटर सायकल एवं 1 पिकअप वाहन जप्त किया गया है।

मेढा सोसायटी के प्रभारी रामदयाल चन्द्रवंशी आ स्व आत्माराम चन्द्रवंशी ने पुलिस को शिकायत में बताया कि गत 9 मार्च को रात्रि में लगभग 1 बजे सीसीटीवी कैमरा की रिकार्डिंग को देखा तो 2- 3 व्यक्ति धान कट्टा को इधर से उधर कर रहे थे। उन्होंने चौकीदारों को इस आशय की जानकारी दिया और स्वयं ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर 3 लोगों को अपने कंधे में रखकर धान का कट्टा ले जाते देखा। तीनों उन्हे देखकर धान के कट्टा को फेंककर भागने लगे। इसी दौरान एक युवक गिर गया जिसे पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम देवसागर सिन्हा निवासी करवारी बताया। उसने अन्य का नाम तिलक साहू तथा रेश लाल मण्डावी होना बताया। सुबह देखने पर 3 स्थानों में लगभग 38 कट्टा धान पड़ा मिला। कुछ दूरी में 2 नग मोटर सायकल एवं 1 नग पिकअप माल वाहक वाहन खड़ा था। श्री चन्द्रवंशी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4), 305, 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने पुलिस स्टॉफ के साथ पता तलाश करते हुए फरार आरोपी तिलक साहू निवासी करवारी एवं रेसलाल मंडावी निवासी कोटनापानी थाना को हिरासत में लिया। तीनों आरोपियों ने पूछताछ में धान चोरी करना स्वीकार किया है।

आरोपियों से 38 कट्टा धान कीमत 47 हजार, एक पिकअप वाहन क्र0 सीजी 08 एवाई 5418 एवं 2 नग मोटर सायकल क्र0- सीजी 08 यू 3911 एवं सीजी 08 ई 0637 को जप्त कर ज्युडिश्यिल रिमांड में जेल भेजा गया है।



## डोंगरगांव और डोंगरगढ़ में हुई शुरूआत

# अब हाईटेक तरीके से कर की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

गठन के बाद से अब तक पुराने ढर्रे पर चल रही नगर पंचायत ने अब डिजिटल दौर में कदम रखा है। अच्छी बात यह है कि जिले में दो निकाय में हाइटेक तरीके से करों की वसूली शुरू की गई है जिसमें नगर पंचायत डोंगरगांव और नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ शामिल है। अब शहर के लोग घर बैठे ही करों की अदायगी कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर प्रशासन द्वारा अब तक आफ लाइन करों की वसूली किया जा रहा है। इस सिस्टम में मानव शक्ति की अधिक जरूरत पड़ रही थी किन्तु अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ रहे थे जिसके चलते लाखों की वसूली लंबित है। लंबित करों की वसूली में लगने वाले मानव श्रम को बचाने तथा लोगों को घर बैठे भुगतान की सुविधा मुहैया करने के लिए स्थानीय नगर पंचायत ने एक्सिस बैंक के सहयोग से डिजिटल सेवा का शुभारंभ किया हैं। सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि शहर के नागरिक संपत्ति कर आदि का भुगतान घर बैठे अपने मोबाइल से कर सकते हैं। करों का भुगतान गूगल पे, फोन पे या अन्य डिजिटल माध्यम से किया जा सकता है।



**ऐसे करें संपत्ति कर का भुगतान**

सीएमओ श्री जेमा ने बताया की संपत्ति कर सहित अन्य का भुगतान www.municipalcorporation.in के माध्यम से किया जा सकता है।

भुगतान के लिए सबसे पहले निकाय का चयन कर भुगतान यूआईडी, मोबाइल नंबर द्वारा वार्ड एवं सीरियल क्रमांक का चयन कर किया जा सकता है। भुगतान के पहले करदाता को अपना नाम खोजना पड़ेगा। इस प्रक्रिया में नागरिकों को बकाया कर स्क्रीन पर दिखाई देगी। भुगतान के बाद भुगतान रसीद डाउनलोड किया जा सकता है।

### नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव आज

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण करने के बाद उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया 12 मार्च को निकाय के सभागार में सुबह 11 बजे से होगी। जानकारी अनुसार नाम निर्देशन पत्र सुबह 11 से 12 तक प्रस्तुत किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा दोपहर 12 से 12. 20 बजे तक किया जाएगा। नाम वापसी 12. 20 बजे से 12. 50 बजे तक होगी। एक से अधिक अभ्यर्थी के होने पर दोपहर 1 बजे से 2 बजे के बीच मतदान कराया जाएगा। निकाय में भाजपा के 8 और कांग्रेस के 6 पार्षद हैं । कांग्रेस का ही अध्यक्ष है एवं एक निर्दलीय पार्षद है। उपाध्यक्ष बनाने के लिए 9 मतों की आवश्यकता होगी जिसमें निर्दलीय निर्णायक की भूमिका निभाएगा।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

# 6 भाजपा नेताओं पर होगी कार्रवाई

**छुरिया।** जनपद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोटिंग को लेकर भाजपा मंडल ने छह भाजपा नेताओं की सूची जारी कर भाजपा जिलाध्यक्ष को कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। जिसकी खबर लगते ही भाजपा मंडल कुमर्दा एवं उन क्षेत्रों के भाजपा वरिष्ठ नेताओं और मंडल के पदाधिकारियों में बेचैनी बढ़ गई है।

मिली जानकारी के अनुसार छुरिया जनपद चुनाव में भाजपा के नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर के खिलाफ भाजपा अधिकृत जनपद सदस्यों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इससे पार्टी के भीतर क्रॉस वोटिंग में शामिल कुमर्दा मंडल के वरिष्ठ भाजपा नेताओं और भाजपा मंडल के पदाधिकारियों की संलिप्ता पाई गई थी। जिनकी पहचान कर उन पर कार्रवाई करने की मांग तेज होने लगी है। बताया जा रहा है कि सारा खेल जनपद सदस्यों के चुनाव के बाद कुमर्दा मंडल क्षेत्र के ग्राम धनगांव में एक वरिष्ठ भाजपा नेता के निवास पर नवनिर्वाचित भाजपा जनपद अध्यक्ष के खिलाफ गहरी साजिश कर उन्हें हराने का प्लान कर लिया गया था। जिसके तहत उस क्षेत्र के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर ने पार्टी से अध्यक्ष पद पर उनके नाम की घोषणा नहीं होने से बगावत कर जनपद अध्यक्ष पद में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ बागी होकर चुनाव मैदान में थे। हालांकि इस चुनाव में उनकी हार हुई।

उसके बाद भाजपा संगठन ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते उन्हें छह वर्ष के लिए निष्कासन की कार्रवाई कर पार्टी के नेताओं को कड़ा संदेश दिया है। इधर कुमर्दा मंडल के धनगांव में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ साजिश में शामिल कुमर्दा क्षेत्र के भाजपा वरिष्ठ नेताओं के अलावा भाजपा मंडल छुरिया, गैंदाटोला क्षेत्र के भाजपा के छह बागियों की पहचान कर भाजपा मंडल छुरिया ने सूची जारी कर जिला भाजपाध्यक्ष को कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। इसकी खबर लगते ही बागियों में हलचल बढ़ गई है और अपने बचाव एवं सफाई में वे भाजपा जिलाध्यक्ष सहित राजनांदगांव जिले के संगठन नेताओं के समक्ष हाजिरी लगाते देखे जा रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### सोढ़ा में 8 वी के बच्चों को दी गई विदाई

**रबेली।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला-सोंढ़ा में कक्षा 8 वीं के बच्चों को कक्षा 6 वी, 7 वी के बच्चों के द्वारा गत सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। जिसमें 6 वीं की छात्रा प्रिया तथा पावनी ने विदाई गीत की प्रस्तुति दी एवं कक्षा 8 वीं की छात्रा मधु, मईया, प्रतिज्ञा ने भजन व प्रेरणा गीत गाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सोढ़ा के सरपंच पति रामावतार चंद्रवंशी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी उपस्थित थे। मंच संचालन आशीष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक देवानंद चंद्रवंशी, श्रीमती प्रतिमा पाण्डेय उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने बच्चों को आर्शीवचन दिया।

### विभाग ने महुआ शराब की जप्त

**कवर्धा।** ग्राम घोघरा में हाफ नदी के किनारे अवैध महुआ शराब बनाई जा रही थी। आबकारी टीम पहुंची तो आरोपी भाग निकले। मौके से 80 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त हुई। इसकी कीमत 8 हजार रुपए आंकी गई है। वहीं 200 किलो महुआ लाहन भी मिला, जिसे नष्ट कर दिया गया।

## कार्यवाही: एक आरोपी गिरफ्तार, वनोपज तस्करी में प्रयुक्त ट्रक जप्त

# पुलिस ने जब्त की 8.830 क्विं वनोपज खैर की अवैध लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/चिल्फी

चिल्फी पुलिस ने बीते सामवार को मुखबीर की सूचना पर बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध वनोपज खैर की लकड़ी जप्त की है। पुलिस ने इस मामले में जहां एक ट्रक को जप्त कर 8.830 क्विंटल वनोपज खैर की लकड़ी जप्त की है वहीं ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया है।

जप्त वनोपज खैर की लकड़ी का बाजार मूल्य करीब 9 लाख रूपए आंका गया है। पुलिस अब मामले में आगे की कार्यवाही कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को चिल्फी पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली की ट्रक क्रमांक जेएच 09 बीसी 6264 में वनोपज खैर लकड़ी भरकर अवैध रूप से चिल्फी होते हुए मध्यप्रदेश की ओर ले जाई जा रही है।

इस सूचना पर चिल्फी पुलिस ने मामले की जानकारी तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे में नाकाबंदी कर चिल्फी की ओर आने वाले वाहनो की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को मुखबीर द्वारा बताए गए नम्बर वाला ट्रक आते हुए देखा जिसे पुलिस ने रोक कर वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को ट्रक में भरी वनोपज खैर की लकड़ी मिली। जिसके संबंध में पुलिस ने वाहन चालक से जानकारी मांगी।

लेकिन आरोपी वाहन चालक रंजित सिंह पिता बलदेव सिंह आयु 20 वर्ष, निवासी थाना कत्थूनंगल, जिला अमृतसर, पंजाब वनोपज खैर की लकड़ी के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया और न ही पुलिस को कोई संतोषजनक जवाब दे पाया।

जिसके बाद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को अपराध क्रमांक 10/2025, धारा 336, 340 बीएनएस एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 42 के तहत मामला दर्ज गिरफ्तार कर लिया और मामले को विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना चिल्फी के सहायक उप निरीक्षक शिवेंद्र मोहन उपाध्याय एवं आरक्षक पंकज यादव, अमन वाहने, पप्पू पनागर, संतोष साहू, सुभाष सोनकर तथा गवाह सुरेश झारिया और अश्वनी कुमार विश्वकर्मा ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

### सरायपाली से ट्रक में लोड कराई गई थी खैर की लकड़ी



चिल्फी पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी ट्रक चालक ने पूछताछ के दौरान खुलासा करते हुए बताया कि लकड़ी सरायपाली से किसी अविनाश उर्फ सन्नी चांवला द्वारा लोड कराई गई थी। लेकिन लकड़ी से संबंधित कोई दस्तावेज उसे नहीं दिए थे। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस जारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया और वाहन को लक्ष्मीनारायण धर्मकांटा, बोड़ला में तौल कराया गया तथा आगे की कार्यवाही की गई।

#### अवैध तस्करी पर जारी रहेगी कार्यवाही

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में लगातार सक्रिय है और अवैध शराब से लेकर मवेशी तस्करी तथा दूसरी अवैध तस्करियों को अंजाम देते रहते हैं। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि तस्करों के खिलाफ इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उन्होने मार्ग के पुलिस थानों की पुलिस को चौकसी बरने के निर्देश दिए हैं।

## जपं कवर्धा व स.लोहारा में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कार्यक्रम आज

- क्षेत्र का समुचित विकास पदाधिकारियों की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा






जिले की जनपद पंचायत कवर्धा एवं स. लोहारा में हाल के दिनो में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न होने के बाद अब नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के साथ निर्वाचित सदस्यगण कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसके लिए बकायदा समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है। जनपद पंचायत प्रशासन इसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

इस संबंध में दोनों ही जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक कवर्धा जनपद पंचायत की नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघले एवं उपाध्यक्ष गणेश तिवारी 12 मार्च को जनपद कार्यालय कवर्धा में बकायदा पदभार ग्रहण करेंगे। इसी प्रकार 12 मार्च को ही जनपद पंचायत स.लोहारा की नवनिर्वाचत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह तथा उपाध्यक्ष अशोक पटेल पदभार ग्रहण करेंगे। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार कवर्धा तथा स. लोहारा में भाजपा समर्पित उम्मीदवारों ने शासनदार प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों में कब्जा किया है।

जिसे लेकर भाजपा खेमे के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला है। पदभार ग्रहण करने के पूर्व दोनो ही जनपद पंचायत के नवनिर्वार्चित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने कहा कि 12 मार्च को वे पदभार ग्रहण करने के बाद अपने जनपद क्षेत्र के लोगों से किए गए वायदों को पूरा करने तथा क्षेत्र के समुचित विकास की दिशा में कार्य करने जुट जाएंगे।

उन्होने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाओं के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन पर जो भरोया जताया है उस पर खरा उतरने का वे पूरा प्रयास करेंगे।

# कवर्धा विस में 13 करोड़ 45 लाख से बनेगी 17 किमी लंबी 07 सड़कें

## ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई लहर लाएगीः विजय शर्मा

- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित होंगी सड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 2025-26 के बजट में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 17 किलोमीटर लंबी 07 नई सड़कों का निर्माण होगा। इन सड़कों के निर्माण कार्यो के लिए कुल 13 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे ग्रामों को शहर से जोड़ने में मदद मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई दिशा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के लगातार जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों द्वारा किए गए मांगों पर बजट में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किया था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों के मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया, और उनके अनुरोध पर यह प्रावधान बजट में शामिल किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामवासियों की मांग को गंभीरता से लिया और इस विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री से विशेष अनुरोध किया, जिससे बजट में यह राशि स्वीकृत हुई। छत्तीसगढ़ के दूसरे बजट में कवर्धा विधानसभा में 17 किलोमीटर लंबी 07 नई सड़कों के लिए 13 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत लालपुर से तारों, लंबाई 2.5 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 5 लाख रूपए, मिनमीनिया से मारयाटोला लंबाई 2 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 60 लाख रूपए, रेंगाखार रोड़ से बोदलपानी लंबाई 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 20 लाख रूपए, महली से भलपहरी लंबाई 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रूपए, अंधरीकछार से खिरसाटोला लंबाई 2 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रूपए, बहनाखोदरा मिडिल स्कूल के पास से सुपापानी बॉडर तक लंबाई 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 40 लाख रूपए और राम्हेपुर से बाम्हनटोला लंबाई 1.5 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 20 लाख रूपए की स्वीकृती दी गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री साय ने हमारी और ग्रामीणों की मेहनत को सराहा और कवर्धा विधानसभा में 17 किलोमीटर लंबी 07 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी। यह सड़कों का निर्माण न केवल हमारे गांवों को शहर से जोड़ेगा, बल्कि यहां के विकास को गति भी देगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस क्षेत्र में सड़कों के निर्माण से गांवों में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और साथ ही किसानों को अपनी उपज शहर तक पहुंचाने में आसानी होगी। इन सड़कों का निर्माण कृषि, व्यापार, और परिवहन के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। सड़कों के निर्माण से कवर्धा विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में एक विकास की नई लहर लाएगी और गांवों को शहर से जोड़कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### शहर से आवागमन में होगी आसानी

कवर्धा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण से गांवों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। इससे गांवों से शहरों तक का आवागमन आसान हो जाएगा, जिससे न केवल व्यापारिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं की पहुंच भी बेहतर होगी। नई सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास होगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क निर्माण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# नगर पालिका कवर्धा ने खरीदी नई एक्सीवेटर नाला मशीन

- नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व पार्षदों ने की पूजा अर्चना,नालों की सफाई में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व पार्षदों ने आज एक नया एक्सीवेटर नाला मशीन और काउ कैचर पशु वाहन का पूजा-अर्चना किया। पूजा अर्चना कर नाला मशीन का उपयोग गुरूनाला व अन्य बडे नालों में किये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत बड़े नाला-नालियों का साफ-सफाई किये जाने हेतु नया एक्सीवेटर चैन माउंटेन वाहन एवं सड़को पर घुम रहे पशुओं को गौशाला, गौठान तक ले जाने हेतु काउ केचर पशु वाहन खरीदा गया है नया वाहन की खरीदी से वृहद साफ-सफाई और पशु सेवाओं को सुधारने के उद्देश्य से किया गया। उन्होनें बताया कि नया एक्सीवेटर वाहन नालों की सफाई व्यवस्था में सहायता करेगा साथ ही नगर पालिका सेवाओं की क्षमता बढ़ाएंगे। इस नवीन वाहन से शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की उम्मीद है साथ ही नालों की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्याएं कम होंगी और शहरवासियों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद रिंकेश वैष्णव, देवकुमार साहू, सुनील साहू, सौखी आहिरवार, दुर्गेश अवस्थी, दीपक सिन्हा, योगेश चंद्रवंशी, शंभू देवांगन, बिन्नू तिवारी, केशरी चंद सोनी, अनिल साहू, हरीश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे, उप अभियंता विरेन्द्र नवघरे, राजेश मिश्रा व अन्य प्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# टीचर्स एसोसिएशन ने प्राचार्य के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति की किया मांग

- पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्राचार्य के 3860 पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेशभर के हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्राचार्य के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति देने की मांग किया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश के कुल 4730 शासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 3860 स्कूलों में प्राचार्य का पद रिक्त है। इसमें से 90 प्रतिशत व्याख्याता व मिडिल प्रधान पाठक से पदोन्नति एवं 10 प्रतिशत पद व्याख्याता से परीक्षा के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है। इस प्रकार प्राचार्य के कुल 3860 रिक्त पदों में से पदोन्नति के लिए 3474 एवं परीक्षा के लिए 386 पद होते हैं। लंबे इंतजार के बाद वर्तमान में प्राचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया जारी है।

अतः स्कूल शिक्षा विभाग प्राचार्य पद में पदोन्नति के लिए निर्धारित सभी 90 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति प्रदान करे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि ने पदोन्नति के साथ ही परीक्षा के माध्यम भर्ती के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत पदों के लिए भी अविलंब विज्ञापन जारी करने की मांग किया है।

### जिले में प्राचार्य के 141 पद रिक्त

जिले के कुल 74 हाई स्कूल में से 73 एवं 77 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 68 में प्राचार्य के पद रिक्त है। इस प्रकार जिले के कुल 151 हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 141 में प्राचार्य का पद रिक्त है।

### शिक्षक से व्याख्याता में पदोन्नति का इंतजार

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि शिक्षक से व्याख्याता के पद पर पदोन्नति के लिए भी लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा लगातार जानकारी मंगाया जा रहा है, लेकिन अब तक पदोन्नति नहीं हो पाया है। अतः व्याख्याता के रिक्त पदों पर भी विषयवार अंतिम वरिष्ठता सूची जारी कर प्रशिक्षित शिक्षकों को अविलम्ब पदोन्नति प्रदान किया जावे।

## परीक्षा केन्द्रों का जिला उड़नदस्ता दल द्वारा औचक निरीक्षण



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 के अंतर्गत मंगलवार को विज्ञान संकाय के लिए भौतिक शास्त्र एवं कला संकाय के परीक्षार्थियों के लिए भूगोल विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा की सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के उड़नदस्ता दल के सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर, एमआईएस प्रशासक सतीश यद्दु एवं व्याख्याता भगवती हठीले द्वारा कवर्धा विकासखंड के सेजेस हिन्दी माध्यम कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा, सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा एवं बोडला विकासखंड के भोरमदेव कन्या परिसर महाराजपुर परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों के लिए समुचित पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन एवं पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित रही। निरीक्षण दल को किसी भी परीक्षा केन्द्र में अनुचित साधनों के उपयोग की कोई शिकायत नहीं मिली, तथा नकल प्रकरण की संख्या शून्य रही। निरीक्षण दल ने केन्द्रों में परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु ग्लूकोज एवं प्राथमिक उपचार सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। साथ ही, बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं पंजियों के समुचित संधारण की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई, जो संतोषजनक पाई गई।

## लगातार की दबिश के बाद भी अभी तक नहीं दबोचा गया कोई भी नकलची

# क्या जिले में नकल से नहीं अकल से दे रहे हैं बोर्ड परिक्षार्थी परीक्षा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा विगत 1 मार्च से आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल कक्षा 12 वीं तथा 3 मार्च से आयोजित हाई स्कूल कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा जिले के सभी 75 परीक्षा केन्द्रों में शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जा रही है। इन परीक्षा केन्द्रों में आयोजित दोनों ही बोर्ड परिक्षाओं का अभी तक कोई भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया है। जिसे देखते हुए माना जा रहा है कि या तो परिक्षार्थी नकल से नहीं बल्कि अकल से परीक्षा दे रहें हैं या फिर प्रशासन द्वारा नकल पकड़ने गठित किए गए उड़नदस्ता उन वनांचल व अंदरूनी ईलाकों के उन परीक्षा केन्द्रों तक पहुंच ही नहीं पा रहा है जहां नकल होने की आशंका जताई जाती है। गौरतलब है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए जिले से कुल 12567 परिक्षार्थियों ने आवेदन किया है वहीं कक्षा 12 वीं के लिए 8715 परिक्षार्थियों ने आवेदन किया है। विभागीय जानकारी के मुताबिक 1 मार्च से प्रारंभ कक्षा 12 वीं की परीक्षा के लिए अभी तक कुल पांच पर्चे हो चुके है। जिसमें हिन्दू, अंगेजी, गणित, भौतिक शास्त्र जैसे माहत्वपूर्ण विषय के पर्चे शामिल है। वहीं 3 मार्च से से प्रारंभ कक्षा 10 वीं के लिए चार पर्चे सम्पन्न हो पाए हैं जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित विषय के पर्चे शामिल हैं।



लेकिन जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग द्वारा नकलचियों पर पैनी नजर रखने गठित किए गए उड़नदस्ता को इन परिक्षाओं के दौरान कोई भी नकलची नहीं मिला है। हां ये अलग विषय है कि गठित उड़नदस्ता नकलचियों को खोचने में रूची ले रहा है या नहीं। यहां बताना लाजमी होगा कि इस बार कलेक्टर ने जिले के सभी विकासखण्डों में उडऩदस्ता दल का गठन किया है। दलों को परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्था बनाए रखने और नकल प्रकरण को रोकने के सख्त निर्देश दिए गए है। इन दलों को परीक्षा केन्द्रों में निरीक्षण के लिए परीक्षा केन्द्र आंबटित किए गए है वहीं डिप्टी कलेक्टर के नेतृत्व में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जो लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। लेकिन सूत्रों की माने तो इन उडऩदस्ता दलों द्वारा शहरी क्षेत्रों के आसपास के केन्द्रों में ही निरीक्षण किया जा रहा है वनांचल व अंदरूनी ईलाकों तक टीम नहीं पहुंच पा रही है। इसके अलावा उड़नदस्ता दल की गोपनियता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

# ग्राम खपरी में फाग प्रतियोगिता का आयोजन, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



युवा जनप्रतिनिधि अश्वनी राजपूत ने एक सराहनीय प्रयास करते हुए ग्राम पंचायत मेहना के आश्रित गांव खपरी (वार्ड नंबर 12) में होली मिलन फाग कार्यक्रम आयोजित कर विलुप्त होती ग्रामीण परंपराओं को पुनर्जीवित करने की पहल की है। उन्होने कहा कि गावों में फाग गायन, लोकनृत्य और होली मिलन की परंपरा धीरे-धीरे लुप्त हो रही थी। अश्वनी राजपूत ने इसे फिर से जीवंत कर बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों को जोड़ने का प्रयास किया। यह कार्यक्रम सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का प्रयास है। अश्वनी राजपूत की यह पहल गाँव की परंपराओं को फिर से जीवंत

## सार समाचार

### हैदलकोड़ो में 15 से फाग स्पर्धा

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड के ग्राम हैदलकोड़ो (गैंदाटोला) में होली त्यौहार के अवसर पर बस्तरिया सेवक परिवार और समस्त ग्रामवासी द्वारा दो दिवसीय फाग महोत्सव का आयोजन 15 एवं 16 मार्च को किया जा रहा है। ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच होमकुमार साहू ने बताया कि फाग महोत्सव में झांकी वर्ग में पुरस्कार प्रथम 5001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ 1001, पंचम 701, षष्ठम 501 तथा इसी तरह गायन वर्ग में पुरस्कार प्रथम 7001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ 1001, पंचम 701 एवं षष्ठम 501 रुपए रखा गया है। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागी मंडली को सदाबहार पुरस्कार एवं विशेष पुरस्कार भी दिया जाएगा। आयोजक समिति के सदस्य में किशोर साहू, खिल्लू सेन, भोजराज साहू, सूरज साहू, योश्मन उइके, बुधारू उइके, सतीश साहू, ठाकेश्वर साहू, राजू साहू, डेविड नेताम, हेम साहू, निर्मल, पुनीत, झल्लू, मुकेश, देवानंद, भुनेश्वर, मनसुख, ईश्वर, ख़ुमेश, विक्की, वैभव, मुकेंद्र,गुलाब, लीला, भोलू, प्रवीण, डोमन, सुरेंद्र, डेमन, छोटू बड़ू, अश्वंत, मिशन, बबलू, बुधारू साथ ही अन्य सहयोगी सदस्य सम्मिलित हैं।

### महिला दिवस पर वंदना का सम्मान

**राजनांदगांव।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद



छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विप्र समाज के विविध क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त महिलाओं का सम्मान किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हेतु अपना विशिष्ट पहचान रखने वाली विदुषी विप्र महिलाओं का महिला शिखर सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। राजनांदगांव जिले से शिक्षा एवं विप्र समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर के नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे के कर कमलों से वंदना आलोक तिवारी को महिला शिखर सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। सम्मान में शताब्दी पांडेय, सरिता दुबे, नमिता शर्मा व अरविन्द ओझा शामिल हुए। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, गुणा निधि मिश्रा, सुरेश मिश्रा, महिला विंग अध्यक्ष नमिता शर्मा, प्रीति मिश्रा, सुमन मिश्रा, रज्जन अवस्थी, सुनील ओझा, अजय अवस्थी, नीतिन कुमार झा, बबिता मिश्रा, वीणा मिश्रा, आयोजक मंडल द्वारा महिला शिखर सम्मान का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### छबिधर बने नगर पंचायत के पहले उपाध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** नव गठित नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में सोमवार को



उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। उपाध्यक्ष के लिए कांग्रेस से उषा यदु और भाजपा से छबिधर साहू ने नामांकन भरा। भाजपा खेमा ने चुनाव प्रभारी रमेश पटेल के नेतृत्व में दमखम के साथ उपस्थिति दर्ज कराया जबकि मौके पर कुछ ही कांग्रेसी नजर आए। उपाध्यक्ष पद के लिए 15 पार्षदों में से 12 ने मतदान किया। कांग्रेस की उषा यदु को 3 और भाजपा के छबिधर साहू को 9 मत मिले। चुनाव के दौरान मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, बोधीराम साहू, गिरवर साहू, वेदराम ताम्रकर, राजेन्द्र तिवारी, नोहर साहू, हेमलाल वर्मा, देवेन्द्र यादव, भोजराम वर्मा, रामाधार ओझा, गन्नूराम साहू, वर्षा गेडाम आदि मौजूद थे।

### सहायक प्राध्यापकों का सम्मान



**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय में संचालक नरेंद्र गौतम, प्राचार्य तुकेश वर्मा द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना उपरांत पुष्पगुच्छ व उपहार से सभी सहायक प्राध्यापकों का सम्मान किया गया। संचालक नरेन्द्र गौतम ने सहायक प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामना देते आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया। प्राचार्य श्री वर्मा द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आजादी के पूर्व शिक्षा, स्वास्थ्य, वायुसेना, अन्य क्षेत्र में प्रथम योगदान देने वाली भारतीय महिलाओं के बारे में सार्थक जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम में स्टुडेंट्स के लिए भाषण प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी पेमिता साहू द्वारा आभार व्यक्त करते कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सभी चुनाव में जीत कार्यकर्ताओं की बदौलत, काम करने में नहीं होगी दिक्कत

# संजय व प्रशांत ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के बाद आज छुरिया जनपद पंचायत में अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा व उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर सहित 23 सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सचिन सिंह बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव व किरण वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत मौजूद रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर कर किया गया। पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों का स्वागत किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू ने पदभार ग्रहण करवाया। प्रथम सम्मेलन को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सचिन सिंह बघेल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी चुनावों में जीत हासिल किये वो कार्यकर्ताओं की देन है। पंच, सरपंच, जनपद, जिला में सभी जगह हमारे लोग है। काम करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। कार्यक्रम को नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दिनेश गांधी, रमेश पटेल, गीता घासी साहू, रविंद्र वैष्णव, चंद्रिका प्रसाद डडसेना, एमडी ठाकुर, हिरेंद्र साहू, कैलाश शर्मा, सुरेंद्र सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, बोधन साहू, रामकुमार गुप्ता, शेखर भरतद्वाज, कांता प्रसाद साहू, खिलेश्वर साहू, हिरदे देवांगन, रवि सिन्हा, गोलू सूर्यवंशी, नैनसिंग पटेल, राजेश्वर ध्रुवे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रकाश महोबिया बने नगर पंचायत उपाध्यक्ष

**छुईखदान।** पिछले महीने हुए नगर पंचायत चुनाव में नगर पंचायत छुईखदान में अध्यक्ष और पार्षदों का चुनाव संपन्न हुआ था। जिसमें नगर पंचायत छुईखदान में कांग्रेस पार्षदों की संख्या 8 और भाजपा पार्षदों की संख्या 7 थी। उसी समय से यह तय माना जा रहा था कि उपाध्यक्ष की कुर्सी कांग्रेस के हाथों में जाएगी।

आज हुए उपाध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस ने जहां प्रकाश महोबिया को प्रत्याशी बनाया तो वहीं भाजपा ने पूर्व उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया को प्रत्याशी बनाया। मतदान उपरांत हुए मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी को 9 वोट मिले वहीं पर भाजपा प्रत्याशी को 7 वोट मिले। जिसमें प्रकाश महोबिया उपाध्यक्ष चुने गए। कांग्रेस पार्षदों का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे, गिरिराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, संजीव दुबे, सज्जाक खान, हेमंत वैष्णव, अनुराग सोनी, अनिमेष महोबिया, मनोज चौबे, राजेश चौबे, रामकुमार पटेल सहित कांग्रेस के नेतागण उपस्थित थे।



### रिटर्निंग आफिसर ने की घोषणा

प्रकाश मौर्य की जीत की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत के द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 8 पार्षद और भारतीय जनता पार्टी के साथ पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं जिसमें अध्यक्ष का एक वोट करके कांग्रेस पार्टी को 9 और भारतीय जनता पार्टी को 7 वोट मिले। इस प्रकार से नगर पंचायत छुईखदान के प्रकाश महोबिया उपाध्यक्ष चुनाव बनने में कामयाब हो गए।

## फर्जी मतदानः वार्ड 24 के चुनाव को निरस्त करने वाली याचिका स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पालिका निगम के बहुचर्चित वार्ड नंबर 24 के चुनाव में हुए फर्जी मतदान वाले निर्वाचन याचिका को स्वीकार कर निर्वाचित पार्षद सहित अन्य लोगों को नोटिस का आदेश प्रधान जिला न्यायाधीश ने दिया है। 25 वर्षों से लगातार निर्वाचित होने वाले पार्षद एवं शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा भाजपा प्रत्याशी शैकी बग्गा से पराजित हुए हैं। वार्ड चुनाव परिणाम के खिलाफ कुलबीर सिंह छाबड़ा ने एक निर्वाचन याचिका वरिष्ठ अधिवक्ता रूपेश दुबे के माध्यम से कोर्ट में पेश किया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर याचिका में पार्षद चुनाव 2025 में हुए फर्जी मतदान जो अस्वस्थ निर्वाचन कार्य प्रणाली को उजागर करने वाली याचिका के अनुसार वार्ड क्रमांक 24 की अंजली यादव के नाम से किसी अन्य द्वारा फर्जी वोट डाला जा चुका था। पीठासीन अधिकारी द्वारा अंजली यादव को निविदत्त मतपत्र जारी कर दिया गया, लेकिन असली मतदाता के मत को गिनती में नहीं लिया गया और फर्जी वोट की गिनती ईवीएम के माध्यम से की गई और तो और इस मामले की जानकारी पीठासीन अधिकारी ने अपने उच्च अधिकारियों को भी ना देकर स्वस्थ लोकतंत्र में फर्जीवाडा को संरक्षण देने का काम किया है। जिसके चलते दस्तावेजों के साथ न्यायालय के समक्ष याचिका प्रस्तुत की, जिसे प्रथम दृष्टया प्रधान जिला न्यायाधीश ने सुनवाई योग्य मानते हुए ग्राहय कर नवनिर्वाचित पार्षद सहित अन्य लोगों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

## जनपद अध्यक्ष प्रतिमा ने ग्रहण किया पदभार

- कोमल के मुख्य अतिथि में किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायती राज चुनाव के बाद आज राजनांदगांव जनपद पंचायत में अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर व उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा सहित 23 सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कोमल सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष भाजपा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कर किया गया। पश्चात राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों का फूलमाला से स्वागत किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पदभार ग्रहण करवाया। प्रथम सम्मेलन को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया।



### शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

कार्यक्रम में कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि आज सभी चुनावों में जीत हासिल किए, वो कार्यकर्ताओं की देन है। पंच, सरपंच, जनपद, जिला में सभी जगह हमारे लोग हैं। काम करने में कोई दिक्कत नहीं होगा। जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहूंगी। क्षेत्र की सर्वांगीण विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करती रहूंगी। जनपद पंचायत प्रथम सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, विवेक साहू, लीलाधर साहू, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, महेश यादव, जागेश्वर साहू, परदेसीराम सोनबोइर, कृष्णा तिवारी, पप्पू चंद्राकर सहित नवनिर्वाचित जनपद सदस्यगण मौजूद रहे।

## शांति समिति की बैठक में पर्व शांतिपूर्वक मनाने अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पर्व को शांति एवं सौहाद्रपूर्वक मनाने की अपील की गई है। इस मौके पर सभी समुदाय के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 10 मार्च को थाना छुरिया पुलिस द्वारा थाना परिसर छुरिया में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

### अनुचित वस्तुओं का न करें उपयोग

शांति समिति की बैठक तहसीलदार छुरिया विजय कुमार कोठारी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य द्वारा ली गई। बैठक में गणमान्य नागरिकों को होलिका दहन हेतु सुरक्षित स्थानों का चयन करने, होली के दिन शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से रंग-गुलाल खेलने, अनुचित वस्तुओं का उपयोग न करने, जबरन लोगों पर रंग-गुलाल न लगाने हेतु अपील की गई। इस अवसर पर आम जनता से सुझाव भी प्राप्त किए गए। वर्तमान में परीक्षा के परिदृश्य को ध्यान में रखते अनावश्यक शोरगुल से बचने निर्देशित किया गया। नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई करने हिदायत दिया गया। ग्राम कोटवारों को इस संबंध में गांव में मुनादी करने निर्देशित किया गया। उपस्थित गणमान्य नागरिकों को होली का त्यौहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने अपील की गई।

## अशांति फैलाने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले आरोपियों को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार होली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे क्षेत्र में शांति व्यस्था बनाए रखने हेतु सतत अभियान के तहत 10 मार्च को चौकी चिखली में आम जनता की शिकायतों के आधार पर अलग-अलग टीम गठित कर बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्रवाई किया जा रहा है।

### चिखली पुलिस की कार्रवाई

अभियान के तहत स्टेशनपारा में आने-जाने वाले राहगीरों के साथ झगड़ा-विवाद कर अशांति फैला रहे आरोपी त्रिदेवसिंग राजपूत 35 साल साकिन वार्ड नं. 13 स्टेशनपारा, योगेश यादव 24 साल साकिन साकिन वार्ड नं. 11 स्टेशनपारा, चिखली रमन बाजार में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था, जिसे साक्षियों द्वारा पूछने पर तुम कौन होते हो पूछने वाले कहकर वाद-विवाद कर मोहल्ले में अशांति फैलाने वाले आरोपी विक्की ठाकुर 19 साल ग्राम जंगलपुर, पिंटू क्षत्री 19 साल निवासी ग्राम नवागांव, चिखली तालाब पार वार्ड नं. 10 में आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर मोहल्ले में आने-जाने वाले लोगों को अकारण गाली-गलौज, अशांति फैलाने वाले अनावेदक चुम्मन यादव उर्फ लक्की यादव 21 साल साकिन चिखली तालाब पार वार्ड नं. 10 चौकी चिखली, शंकरपुर मोहल्ले में आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर मोहल्ले में आने-जाने वाले लोगों से वाद-विवाद, गाली-गलौज कर मोहल्ले में अशांति फैलाने वाला आरोपी सेवकराम साहू उर्फ अज्जू साहू 19 साल निवासी शंकरपुर वार्ड नं. 10 के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया। आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## भक्तों संग होली खेलने 14 को मंदिर से निकलेंगे भगवान राधाकृष्ण

- केसरिया रंगों से रंगेंगे भक्त और भगवान
- श्री सत्यनारायण मंदिर समिति का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रंगोत्सव का त्यौहार सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में नागरिकों की रंगोत्सव समिति द्वारा हर्षोल्लास के साथ भक्ति एवं श्रद्धा पूर्ण मनाया जाता है। फागुन शुक्ल पूर्णिमा को होलिका दहन के पश्चात चैत्र कृष्ण एकम को श्री सत्यनारायण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित भगवान राधाकृष्ण स्वयं भक्तों के साथ होली खेलने भव्य रथ पर सवार होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकलते फागुन महोत्सव का आनंद भक्तों को प्रदान करते हैं। बालाजी मंदिर के होलिका दहन 13 मार्च को आधार मानते 14 मार्च को रंगोत्सव मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। देश के अनेक धार्मिक स्थलों एवं वृंदावन में भी धुलेंडी (रंगोत्सव) 14 मार्च को ही मनाया जा रहा है। श्री रंगोत्सव समिति द्वारा भगवान राधाकृष्ण की शोभायात्रा 14 मार्च को सुबह 09 बजे निकाली जाएगी।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि 33 वर्ष पूर्व रंगोत्सव की यह परंपरा समिति के वरिष्ठ सदस्य, नगर के प्रतिष्ठित, सामाजिक कार्यकर्ता श्रद्धेय स्व. नथमल अग्रवाल की प्रेरणा से प्रारंभ की गई थी। इस वर्ष 14 मार्च को 34वें रंगोत्सव का त्यौहार धूमधाम से मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है।

### तैयार किया जाएगा भव्य रथ

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, राजेश शर्मा, श्याम खंडेलवाल, पवन लोहिया, सदस्य राजेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल के अनुसार समिति की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रंगोत्सव पर नवीनता लिए भव्य रथ को तैयार किया जाएगा। रथ के पृष्ठ भाग में आर्च रहेगा। उसके सामने भगवान राधाकृष्ण की बड़ी मूर्ति रहेगी एवं दो गोपियां नृत्य करते दिखाई देगी। एकदम सामने भगवान राधाकृष्ण विराजमान होंगे, जिस पर आम नागरिक बिना किसी जाति-धर्म, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब के भेदभाव से ऊपर उठकर रंग, गुलाल, इत्र चढ़ाकर भोग प्रसाद लगा सकेंगे। रथ से ही फव्वारों द्वारा भक्तों के ऊपर केसरिया रंग की फुहार लगातार होती रहेगी।

## बच्चों के लिए विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित

# शाला में मनाया गया रंगोत्सव का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना, बेस्ट प्रैक्टिस सेल, एलुमनी एसोसिएशन एवं मनोकामना मनोविकास मंदबुद्धि शाला के संयुक्त तत्वावधान में अवलोकन भ्रमण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा बच्चों के लिए पासिंग बॉल खेल प्रतियोगिता, कलर पहचानो खेल प्रतियोगिता के साथ-साथ डांस, गाना और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर होली के लिए रंग-गुलाल और विभिन्न आकर्षक दैनिक आवश्यक सामग्री भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि आज एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा मानसिक मंदता स्कूल में अवलोकन के लिए पहुंचे हैं। मानसिक मंदता विद्यार्थियों के बीच में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, होली गीत, होली सेलिब्रेशन किया गया। विद्यार्थियों के ऊपर जब रंग-गुलाल लगाया गया तो उनके चेहरे खिल उठे और मस्ती में वह झूमने लगे। अवलोकन का उद्देश्य भाषा विकास समस्या समाधान, कौशल सीखना, सामाजिक नियमों को सिखाने में होने वाली कठिनाइयों को समझना और अनुकूल व्यवहार तथा सामाजिक अवरोधकों को दूर करने का रहा।

### 18 विद्यार्थी पंजीकृत

शाला प्राचार्य समीर छतरी ने बताया कि वर्तमान में 18 विद्यार्थी पंजीकृत हैं और यहां प्री-प्राइमरी, प्राइमरी और माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान की जाती है। स्कूल में मानसिक मंदता के स्तर जैसे हल्का मानसिक मंदता, मध्य मानसिक मंदता, गंभीर मानसिक मंदता और गहन मानसिक मंदता वर्गीकरण के अनुसार इन्हें शिक्षण कार्य व गतिविधि कराया जाता है। इस प्रकार के विकार या तो अनुवांशिक होते हैं या पर्यावरणीय भी होता है। राजनांदगांव में मानसिक मंदता वाले बच्चों की संख्या कम हो रही है, यह बहुत ही खुशी की बात है।



### माला पहनाकर खेली होली

कार्यक्रम का संचालन कौशल साहू द्वारा किया गया। विद्यार्थियों को दैनिक उपयोगी सामग्री एवं शैक्षणिक सामग्री जैसे कलर भरने की कॉपी, पेन, पेंसिल, गुलाल, रंग और बताशे की माला पहनाकर होली खेला गया। इस दौरान प्रीति इंदौरकर एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### समायोजित करना कठिन समस्या

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने विद्यार्थियों का स्नेह पूर्ण तरीके से स्वागत करते कहा कि आज समाज में मंदबुद्धि बालकों के लिए समाज में समायोजित करना बहुत कठिन समस्या है, क्योंकि वे बच्चे सामान्य रूप से थोड़े पिछड़े होते हैं। वह सामाजिक ताने-बाने को समझने में अक्षम होते हैं। आज राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा उनके बीच जाकर मन प्रसन्न हो गया। सामाजिक कौशल, उनका व्यक्तिगत देखभाल, उनकी जरूरत, उनके सीखने के स्तर सभी एक गंभीर चुनौती होती है। संस्था द्वारा इन चुनौतियों को भली-भांति तरीके से दूर किया जा रहा है। इन गतिविधि के जानने-समझने बीएड के विद्यार्थी अवलोकन के लिए पहुंचे हैं।

### विकसित होगी समावेशी के भाव

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, आशीष अग्रवाल और संजय अग्रवाल ने कहा कि मानसिक मंदता वाले विद्यार्थियों को दैनिक जीवन कौशल जैसे कपड़ा पहनना, बाथरूम का उपयोग करना, खाना जैसे समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। उनके दैनिक दिनचर्या और समस्याओं को जानना ही आज के अवलोकन का मूल उद्देश्य है। ऐसे अवलोकन से विद्यार्थियों में समानता और समावेशी के भाव विकसित होगी। आयोजन में प्रिया कुंजम द्वारा विद्यार्थियों को खेल की प्रतियोगिता कराई गई।

## चाकू लहराते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आम जगह पर हथियार लहराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति पेंड्री बस्ती में धारदार चाकूनुमा हथियार लेकर लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया, जो नाम पूछने पर अपना नाम पिंकू लहरे 25 वर्ष निवासी पेंड्री बस्ती का होना बताया। जिससे हथियार रखने के संबंध में दस्तावेज मांगने पर किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आरोपी के कब्जे से 1 नग धारदार चाकूनुमा हथियार जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध थाना लालबाग में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025



# प्राइमरी छात्रों के लिए मिलेंगे 6.19 रुपए, मिडिल स्कूल के लिए पौने दो रुपए

## अविभाजित जिले में 2693 स्कूल, 1.71 लाख बच्चे, बढ़ोत्तरी के बाद रोजाना 1.29 लाख का अतिरिक्त भार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मध्यान्ह भोजन योजना के तहत प्रति छात्र मिलने वाली राशि में केंद्र सरकार ने बढ़ोत्तरी कर दी है। अब से प्राईमरी स्कूलों में प्रति छात्र के हिसाब से 6.19 रुपए दिए जाएंगे। वहीं मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए यह राशि बढ़ाकर 9.29 रुपए कर दी गई है। ज्ञात हो कि अविभाजित जिले में करीबन 27 सौ स्कूलों में पौने दो लाख बच्चों को मध्यान्ह भोजन दिया जाता है। हालांकि रसोईयों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा की गई यह बढ़ोत्तरी महंगाई के हिसाब से कम है। इधर बढ़ोत्तरी के बाद हर रोज अविभाजित जिले में 1.29 लाख का अतिरिक्त भार शासन पर पड़ने वाला है। उल्लेखनीय है कि मध्यान्ह भोजना योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है, इसका उद्देश्य सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। इस योजना से बच्चों में कुपोषण की समस्या कम होती है। यह योजना 6 से 14 साल के बच्चों के लिए है। इस योजना के तहत प्राथमिक स्तर के बच्चों को 450 कैलोरी और 12 ग्राम प्रोटीन का भोजन दिया जाता है। इसके लिए महिला समूहों द्वारा भोजन की व्यवस्था कराई जाती है। महिला समूहों को प्रति छात्र के अनुसार भुगतान होता है। इसी भुगतान की दर में केंद्र सरकार द्वारा इजाफा किया गया है।

### स्कूलों में पौने दो लाख बच्चे

एमडीएम योजना के तहत अविभाजित जिले में कुल 2693 स्कूलें और 171668 बच्चे हैं। इनमें राजनांदगांव जिले में 1206 स्कूलों में 89515 बच्चे हैं। जिनमें 791 प्राथमिक स्कूल में 52696 और 415 मिडिल स्कूल में 36819 बच्चे शामिल हैं। खैरागढ़ जिले में कुल 652 स्कूल में 45495 बच्चे हैं। जिनमें 464 प्राथमिक शाला में 27244 और 188 मिडिल स्कूल में 18251 बच्चे शामिल हैं। मोहला-मानपुर जिले में कुल 835 स्कूलों में 36658 बच्चे हैं। जिनमें 621 प्राथमिक शाला में 22484 और 214 मिडिल स्कूल में 14174 बच्चे शामिल हैं।



### केंद्र और राज्य देंगे पैसे

योजना के तहत 60 फीसदी पैसा केंद्र और 40 फीसदी फंड राज्य सरकार देती है। अब केंद्र सरकार द्वारा योजना के तहत दर में इजाफा करने से प्राइमरी स्कूल के बच्चों को 6.19 रुपए और मिडिल के बच्चों को 9.29 रुपए का मिड-डे-मील मिलेगा। बढ़ी हुई दर में प्राइमरी में 3.71 रुपए और मिडिल में 5.57 रुपए केंद्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। वहीं राज्य सरकार प्राथमिक में 2.48 रुपए और अपर प्राथमिक में 3.72 रुपए का सहयोग योजना के तहत करेगी।

### साढ़े छह हजार रसोईया

अविभाजित जिले में 1.71 लाख बच्चों को मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का जिम्मा 2693 महिला समूहों को दिया गया है। इसके अंतर्गत कुल 6529 महिलाएं रसोईया खाना पकाने का काम करती है। सभी स्कूलों के लिए पहले से ही विभाग की तरफ से मेनू तय होता है। जिसके अनुसार ही रोजाना भोजन देना होता है। रसोईयों को हर महीने इस काम के लिए दो हजार रुपए का मानदेय भी दिया जाता है।

## अंचल का अधिकतम तापमान पहुंचा 37 के करीब, होली पर दिखेगा असर

# होली से पहले ही धूप तेज, 21 मार्च को दिन-रात होंगे बराबर, माहांत तक 40 डिग्री जाएगा पारा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में गर्मी का दौर शुरू हो चुका है और इस बार होली पर तेज धूप अपना असर दिखाएगी। 21 मार्च को दिन-रात बराबर होंगे। जिसके बाद गर्म हवाएं अपना असर दिखाएंगी और अंत तक लोगों को 40 डिग्री से ज्यादा की गर्मी सहनी पड़ेगी।

पश्चिमी विक्षोभका उतार-चढ़ाव जारी है। इस बीच रात में हल्की ठंड बरकरार है, मगर दिन का पारा चढ़ने लगा है। रविवार को राजनांदगांव में सबसे अधिक गर्मी रही और तापमान 38.5 तक पहुंच गया। राजधानी रायपुर भी गर्मी के मामले में पीछे नहीं है और दोपहर की कड़ी धूप के बीच पारा 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि होली के दिन राजनांदगांव समेत प्रदेश में तेज गर्मी रह सकती है। अभी गर्मी बढ़ते दौर में है और 13 मार्च तक अधिकतम तापमान बढ़ते दौर में रहेगा। इसके बाद पुनः आने वाली दक्षिणी हवा मौसम में थोड़ा बदलाव कर सकती है। अभी दिन की तुलना में रात बड़ी है और 21 मार्च को दिन-रात की लंबाई बराबर होगी।

### खास बातें

- दिर और रात के तापमान में काफी अधिक अंतर
- दक्षिणी हवाओं से बदलेगा मौसम का मिजाज



### अप्रैल-मई में ज्यादा गर्मी, हिट-वे भी अधिक

दिल्ली के मौसम विशेषज्ञों ने इस बार देश में अधिक गर्मी रहने की संभावना जताई थी। जिसका असर महसूस होने लगा है। राज्य के मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक अभी पश्चिमी विक्षोभ लगातार सक्रिय हो रहा है। इसके असर से कई इलाकों में बादल भी छा रहे हैं, मगर यह बढ़ती गर्मी के अहसास को कम नहीं कर पा रहा है। महीने के दूसरे सप्ताह में ही राज्य का तापमान 38 डिग्री को क्रॉस कर चुका है। राजनांदगांव में मंगलवार को पारा 38 तक पहुंच चुका है।

### साल में दो बार दिन-रात बराबर

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक साल में दो बार ऐसी स्थिति आती है, जब दिन और रात की अवधि सामान होती है। 21 मार्च को यह स्थिति बनने के बाद रात की लंबाई कम होती चली जाएगी। दिन बड़ा होने की वजह सूर्य को धरातल को गर्म करने के लिए ज्यादा वक्त मिलेगा। इसी तरह 23 सितंबर को जब रात-दिन बराबर होता है, इसके बाद दिन घटता है, ठंड का सीजन शुरू होने लगता है।

### अप्रैल के शुरूआत से ही चलेगी लू!

माना जा रहा है कि माह के अंतिम दिनों में तापमान 40 डिग्री के पार होकर पिछले दस साल के रिकार्ड के बराबर 41.6 के समीप पहुंच सकता है। इस दौरान उष्ण हवाएं लू जैसे हालात भी बना सकती है। मार्च के महीने में गर्मी का प्रभाव दिन में अधिक रहता है और रात को मौसम ठंडा रहता है। मगर जैसे-जैसे अप्रैल नजदीक आता है, रात की ठंड भी गायब होने लगती है।

# शिवनाथ नदी से अवैध रेत खनन

## खुटेरी में रात के वक्त हो रही रेत निकासी, गांव में कई जगह डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेत के अवैध कारोबार में जुटे लोगों द्वारा शिवनाथ नदी का सीना चीरकर मशीनों की सहायता से रेत की निकासी की जा रही है। जिला मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर सोमनी क्षेत्र के समीप ग्राम खुटेरी से रात के अंधेरे में रेत की तस्करी की जा रही है। नदी के समीप कई खेतों, कोठार और फार्म हाऊस में रेत डंप है। यहां रात के अंधेरे में रेत की तस्करी की जा रही है और सुबह सभी वाहनों को दूसरी जगह पर ले जाकर छुपा दिया जाता है।

**रातभर रेत की चोरी**

गांव के कुछ लोगों के अनुसार यहां लंबे समय से रेत की निकासी की जा रही है। रात लगभग 9 बजे से सुबह 5 बजे तक नदी से रेत निकाली जाती है। वहीं नदी से रेत निकालकर गांव के आऊटर क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रेत डंप कर रखा गया है।



### उंचे दामों पर बेच रहे रेत

बताया जा रहा है कि खुटेरी स्थित शिवनाथ नदी से तीन लोगों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर रेत की निकासी कराई जा रही है। रेत तस्करों द्वारा इस रेत को ऊंचे दामों पर अन्य जगहों में बेचा जा रहा है। गांव के कुछ लोगों की शिकायत के बाद भी रेत निकासी का सिलसिला नहीं थमा है।

### नदी में हो रहा कटाव

शिवनाथ नदी से अवैध रेत निकासी करने से नदी में कटाव की स्थिति भी बन रही है। खुटेरी के मुक्तिधाम के रास्ते से शिवनाथ नदी से रेत निकासी की जा रही है। इस रेत निकासी के लिए रात के वक्त जेसीबी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। रात के वक्त यहां से कई ट्रिप रेत का परिवहन हो रहा है।

# शहर के बाबूटोला क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर नवागांव क्षेत्र के बाबूटोला में अवैध प्लाटिंग किए जाने की शिकायत सामने आई है। यहां लगभग 5 एकड़ में अवैध प्लाटिंग करते टुकड़ों में जमीन बेची जा रही है। इसके लिए कई वृक्षों को भी काटकर मैदान को समतल किया गया है। वहीं प्लाटिंग क्षेत्र में प्रीकास्ट वॉल भी बना दिया गया है। बाबूटोला और बजरंगपुर नवागांव क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा पहले भी टुकड़ों में प्लाट काटकर बेचा गया है। इन घोषित कॉलोनियों में अब तक सड़क और नाली की सुविधा भी नहीं मिली है। जिसके चलते प्लांट खरीदी करने के बाद मकान बनाकर रह रहे लोग परेशान हैं।

### क्रेताओं को दे रहे धोखा

अवैध और घोषित कॉलोनी में प्लॉट के रजिस्ट्री करते समय क्रेता को धोखे में रखकर सड़क, नाली, पानी व बिजली जैसी सुविधा देने की बात की जाती है, लेकिन प्लॉट बिक्री करने के बाद वर्षों से निवासरत लोग सुविधा से अब तक वंचित है।

### कई प्लाट काटे गए

बाबूटोला में बरसाती नाले के समीप समतलीकरण कर कई प्लाट काटकर बेचे जा रहे हैं। यहां लगभग पांच एकड़ में प्लाटिंग की गई है। इस प्लाटिंग में प्रीकास्ट वॉल भी बनाया गया है।

### नाला पाटने की तैयारी

बाबूटोला में जिस जगह अवैध प्लाटिंग की शिकायत की जा रही है, वहां झोल रकबे पर कब्जा किया जाना भी बताया जा रहा है। वहीं अवैध प्लाटिंग करने वाले यहां से गुजर रही बरसाती नाले को पाटने की तैयारी भी कर रहे हैं। इस जगह के सीमांकन के बाद ही कब्जा भूमि स्पष्ट होगी।

# स्वच्छता सर्वे के लिए सार्वजनिक शौचालयों का हो रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए आगामी दिनों में केन्द्रीय स्वच्छता की टीम शहर में आएगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था का आंकलन करने के साथ ही यहां के नागरिकों से स्वच्छता को लेकर फीडबैक लेगी। ऐसे में शहर की बेहतर सफाई व्यवस्था को बनाकर राजनांदगांव नगर निगम को स्वच्छता रैंकिंग में पुरस्कार दिलाने के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । इसके तहत शहर के सार्वजनिक सर्वजनियों का भी कायाकल्प हो रहा है।

स्वच्छता रैंकिंग के लिए सार्वजनिक शौचालय एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। यहां की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए शौचालयों की मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। शौचालय के बाहर की दीवारों पर एसीपी शीट लगाकर शौचालय को बेहतर लुक दिया जा रहा है। शौचालयों में एकजास्ट फैन, सेनेटरी मशीन, डस्टबिन, आयना, हैंडवास, पेपर नेपकीन, बाल्टी, मग आदि की व्यवस्था करनी है। इसके अलावा शौचालय का नाम तथा महिला, पुरूष, दिव्यांग, वासबेसिंन का स्पष्ट उल्लेख करना है।



### मापदंड अनुसार मरम्मत कार्य

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंड के अनुसार शौचालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। शौचालय के रंग-रोगन, मरम्मत का कार्य भी लगभग पूरा हो गया।

### प्रधानमंत्री का संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुले में शौच की प्रथा को बंद करने के लिए हर घर में शौचालय बनाने पर जोर दिया और आज लगभग सभी घरों में पक्के शौचालय का निर्माण हो चुका है। स्वच्छता में शौचालय पहली और महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रधानमंत्री की मंशा अनुरूप शौचालय को सुविधाजनक और बेहतर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा भी भरसक प्रयास किया जा रहा है।

### शौचालय में रंग-रोगन

शहर के विभिन्न सार्वजनिय मत का कार्य अंतिम चरण में है। वहीं शौचालयों की बाहरी दीवार पर एसीपी सीट लगाने का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। वहीं कुछ शौचालयों में रंग-रोगन किया जा रहा है। शहर के सार्वजनिक शौचालय को बेहतर बनाने के लिए शौचालय की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता में लिया गया है। इस दौरान शौचालय के भीतर टूटे हुए नाल, दरवाजे और कुंडियों को बदला जा रहा है।

# पुलिस के सामने कांग्रेसियों ने जलाया ईडी और भाजपा का पुतला, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की दबिश के बाद आक्रोशित कांग्रेसियों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सामने ही ईडी और भाजपा का पुतला दहन भी किया। इसके साथ ही भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस द्वारा आग बुझाने के लिए इस्तेमाल किए गए फायर फायटर से छोटे दुकानदारों के सामान खराब हुए। जिससे उनमें भी नाराजगी देखने को मिली।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भिलाई निवास पर सोमवार को ईडी की टीम ने दबिश देकर दस्तावेज खंगालने की कार्रवाई की है। इसी कार्रवाई के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस संगठन ने रणनीति बनाकर निर्देश जारी कर सभी जिला मुख्यालय में मंगलवार को पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित करने कहा था। जिले में भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश अनुसार पहले सभी नेता एवं कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में जमा हुए। वहां से करीबन दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, कमलजीत सिंह पिंटू, हफीज खान, थानेश्वर पाटिला, आसिफ अली, पदम कोठारी, दिनेश शर्मा, मेहुल मारू, अमित चंद्रवंशी, झम्मन देवांगन एवं अन्य उपस्थित रहे।





### फायर फायटर से बुझाई आग

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों द्वारा ईडी एवं भाजपा का पुतला जलाने के बाद उसे बुझाने के लिए पुलिस ने फायर फायटर का उपयोग किया। फायर फायटर से पुतला तो बुझ गया, लेकिन उपयोग से धरना स्थल के आसपास सड़क पर होली पर्व को देखते हुए दुकान लगाने वाले छोटे व्यापारियों का भी काफी नुकसान हो गया। वहां लगी दुकान में रखी शक्कर माला, गंगा इमली पर फायर फायटर की धुल जाने से वह खराब हो गए। इसके अलावा बाजार आए लोगों द्वारा पार्क किए गए वाहनों पर भी धुल जमा गई। जिसके चलते लोगों को मशक्कत कर वाहनों को पहले साफ करना पड़ा।

### विधायकों ने बनाई दूरी

प्रदेश कांग्रेस संगठन द्वारा पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर जारी निर्देश में साफतौर पर कहा गया था कि जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सभी कांग्रेस विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद के साथ ही एआईसीसी एवं पीसीसी के पदाधिकारियों को शामिल होना था, लेकिन जिला मुख्यालय में आयोजित किए गए धरना प्रदर्शन में जिले के तीनों कांग्रेस विधायक, दोनों पूर्व महापौर सहित वरिष्ठ कांग्रेसियों की अनुपस्थिति देखने को मिली। इसके अलावा निगम के अधिकांश नवनिर्वाचित कांग्रेसी पार्षद भी गायब रहे।

## रंगो का पर्व होली को लेकर तैयारियां शुरू, 14 की सुबह खेली जाएगी होली


# 13 मार्च की रात 11.32 बजे भद्रा हटने के बाद होगा होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में फाग स्पर्धाओं से वातावरण त्यौहारमय होने लगा है। बाजार में गुलाल-अबीर, पिचकारियों की दुकानें सजी हुई है। पंडितों के मुताबिक 13 मार्च को सुबह से भ्रदा लगी रहेगी, रात में भद्रा हटेगी इसके बाद ही होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। 14 को सुबह से रंगोत्सव मनाया जाएगा।

त्यौहारों के क्रम में होली रंगोत्सव को लेकर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है। घर-घर में जहां पकवान इत्यादी बनाकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में फाग गीत एवं नगाडों की गूंज सुनाई देने लगी है।

**पर्व के लिए जमकर खरीदी, बिखरने लगे रंग-गुलाल:** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में पर्व के लिए नगाडे, कई प्रकार की पिचकारियां, बताशे के हार, विविध रंग-गुलाल सहित अन्य सामग्रियों की दुकानें सज चुकी है, जहां से खरीदी भी व्यापक रूप से की जा रही है। समीप पर्व को देखते हुए बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल अधिक है। व्यवसायियों को भी होली पर्व पर बेहतर व्यवसाय होने की उम्मीद है। कई लोगों ने पर्व से पहले ही रंग-गुलाल आपस में खेलकर पर्व की अग्रिम बधाई व खुशियां बांटने में जुटे हुए हैं।



### फाग गीतों ने बनाया माहौल

इधर होली पर्व के चलते शहर से लेकर गांव-गांव में जहां नगाडों की थाप और फाग गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। वहीं लोगों ने पर्व को उत्साह से मनाने की तैयारियां भी शुरू कर दी है। गांव के चौपाल व चौराहों में ग्रामीण एकत्र होकर फाग गीतों से होलीमय वातावरण बना रहे हैं। वहीं जगह-जगह फाग स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में कलाकारों की फाग मंडली शामिल होकर आयोजनों में चार चांद लगा रहे हैं। फाग स्पर्धाओं में मनमोहक भगवान राधा-कृष्ण की झांकियां सहित विविध झांकियां भी मंडली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। जिससे होली पर्व का वातावरण अभी से बनने लगा है।

### पुलिस अलर्ट, पर्व शांति से मनाने की अपील

रंगोत्सव के चलते जिले की पुलिस अलर्ट है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गणमान्य नागरिकों एवं शांति समिति की बैठक आयोजित कर पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्वक मनाने की अपील लगातार की जा रही है। होली पर्व के दौरान शांति-सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ धरपकड़ अभियान एवं समझाईश देना शुरू कर दिया है। असामाजिक तत्व एवं बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### सुबह पूजा, रात को होलिका दहन

पंडित कालूराम शास्त्री के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन के दिन 13 मार्च को सुबह 10.45 से भद्रा प्रारंभ होगी, जो दिनभर रहेगी। भद्रा का समापन रात 11.32 को होगा। ऐसी मान्यता है कि भद्रा लगे रहने की स्थिति में होलिका दहन नहीं किया जाता, इसलिए ठंडी होली की पूजा सुबह 10.45 के पहले किया जाएगा। वहीं होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त भद्रा समापन के बाद रात 11.32 के बाद है। दूसरे दिन हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाया जाएगा।



**महोत्सव:** कलेक्टर ने भोरमदेव महोत्सव के सफल आयोजन के लिए अधिकारी को आवश्यक निर्देश

# दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव 26 मार्च से, तैयारियां जोर-शोर से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक पुरातात्विक और जन-आस्था के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव महोत्सव का आयोजन आगामी 26 व 27मार्च 2025 को होगा। महोत्सव की प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई है। इस दो दिवसीय महोत्सव में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, रीति-रिवाजों के साथ बॉलीवुड की सुमधुर गीत-संगीत की महफिल से महोत्सव का मंच गुंजेगा।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भोरमदेव महोत्सव की तैयारियों के सिलसिले में अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर आयोजन की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व भी सौंपे है। कलेक्टर श्री वर्मा ने भोरमदेव महोत्सव 2025 को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम चयन समिति और समस्त व्यवस्था के लिए अधिकारियों की टीम गठन किया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम चयन समिति के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी है। सहायक नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षलता वर्मा, संयोजक सहायक आयुक्त स्वर्णीम शुक्ला, सदस्य सहायक संचालक एमके गुप्ता, उपसंचालक समाज कल्याण सुश्री अभिलाषा पाण्डा को बनाया गया है। समिति भोरमदेव सांस्कृतिक कार्यक्रम के संपूर्ण आयोजन के लिए सुमुचित आवश्यक कार्यवाहीं करेंगे। इसके साथ ही समस्त व व्यवस्था के लिए जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, जिला कोषालय अधिकारी मिर्जा इश्तियाक अहमद बेग, कार्यपालन अभियंता रंजित अशोक और अभिजीत चौधरी को जिम्मेदारी दी है।

### श्री शर्मा ने व्यवस्था को लेकर विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई



कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को कानून व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था बस स्टैण्ड पर मार्गदर्शन कराना पार्किंग व्यवस्था, पैट्रोलिंग व्यवस्था मोबाईल पार्टी की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार सत्कार व्यवस्था, वनमण्डलाधिकारी कबीरधाम को मंच एवं बेरिकेट्स हेतु आवश्यक बास-बल्ली की व्यवस्था, अतिरिक्त कलेक्टर, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोड़ला, कवर्धा को संपूर्ण व्यवस्था के प्रभारी, विभागीय प्रर्दशनी एवं स्टाल प्रभारी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कवर्धा को दिया गया है। भोरमदेव तालाब एवं आस-पास साफ-सफाई, पर्यटन मंडल मोटल नागमोरी में व्हीव्हीआईपी भोजन, स्वल्पाहार, गार्डन में साफ-सफाई, जिला सेनानी नगर सेना को नौकायन गोताखोर जाल, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता लोनिवि, भोरमदेव मंदिर प्रांगण मंच, विश्राम गृह, स्थायी स्वागत द्वार की साफ-सफाई पुताई, बेरीकेटिंग व हैलीपेड व्यवस्था, मेला स्थल पर विभागीय प्रर्दशनी का स्टाल व्यवस्था, भोरमेदेव रेस्ट हाउस, स्टेज निर्माण साज, सजावट, तकनीकी सहायता, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा सभाग को धर्मशाला मुख्य सड़क से कार्यक्रम स्थल एप्रोच रोड लक्ष्मण झूला गार्डन पत्थर पिल्हर एवं पुलिया का चिन्हाकन, मरम्मत एवं दुरुस्ती, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा संभाग कवर्धा को, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग को पर्यटन मण्डल मोटल में व्हीव्हीआईपी भोजन व्यवस्था, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बोड़ला, कवर्धा को सड़क किनारे के संपूर्ण ग्रामों में साफ-सफाई की आवश्यक व्यवस्था, चिल्फी-मोरमदेव मार्ग, कवर्धा-भोरमदेव मार्ग, बोड़ला-भोरमदेव मार्ग में पड़ने वाले ग्राम पंचायतों के स्वागत द्वार की व्यवस्था, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नपाप कवर्धा को कार्यक्रम स्थल, मंदिर प्रांगण एवं आस-पास की सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था, अस्थायी एवं चलित शौचालयों की व्यवस्था, पानी टेंकर की व्यवस्था किए जाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पीएम सड़कों का नवीनीकरण की स्वीकृती




हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विष्णु देव साय के सुशासन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत होगा सड़कों का नवीनीकरण जिसमें विकासखंड पंडरिया को मिली 71 करोड़ 72 लाख 22 हजार रूपए की स्वीकृती। जिसमें ग्राम कोलेगांव से हथमुंड़ी प्रधानमंत्री सड़क 8 किलो मीटर लागत राशि 304.00 लाख की स्वीकृति राशि मिलने से ग्रामीणों में भारी उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय के बाद विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को ग्रामीणों द्वार कई बार शिकवा शिकायत के बाद प्रधानमंत्री सड़क का घोषणा होते हुए ग्राम कोलेगांव, बसनी, पेंड्रीकला, हथमुंड़ी रहवासियों में भारी खुशी का माहौल है। इन सड़कों के नवीनीकरण से ग्रामीणों व राहगीरो को आवागमन में सुविधा तथा राहत मिलेगी। वहीं पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का नवीनीकरण स्वीकृती राशि जारी करने पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ मेन रोड से उदका 14.20 किलो मीटर, एमएल- 05 से दनियाखुर्द 5.20 किमी, एमएल 05 से मेनरोड से रैतापारा 7.50 किमी, सेन्दुरखार से छिन्दीडीह 9.10 किमी, नवागांवखुर्द से पैलपार 4.70 किमी, रणवीरपुर से मजगांव 3.50 किमी, तथा पौनी से कोड़ापुरी तक 5.30 किलो मीटर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का नवीनीकरण की स्वीकृती मिली है।

## महली स्कूल मे कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

- छात्राओं ने दी शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



शासकीय प्राथमिक शाला महली के छात्र छात्राओं को भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वहीं विदाई समारोह में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया।

वही विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सुधा क्षत्रिय और इन्द्राणी सत्यम द्वारा बनाए गए गेम के माध्यम बच्चों को खेल खिलाया गया। विशेष रूप से सभी पांचवी के बच्चो का स्वागत पेपर क्रांउन पहनाकर तिलक लगाकर किया गया, सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक समारोह मे अपनी भागीदारी प्रदान किया। अंत मे सभी अतिथि और बच्चो द्वारा फिंगर कलर क्राफ्ट हस्ताक्षर के साथ बना कर दिन को हमेशा के लिए यादगार बनाए जो की नवाचार था सभी अतिथियों ने सराहना की।

कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे अर्जुन चन्द्रवंशी बीआरसी पंडरिया, रामचंद्र साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, ओमप्रकाश चंद्राकर, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति अश्वनी चंद्राकर, क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती कामिनी जोशी, अधीक्षिका कस्तूरबा विद्यालय दुल्लापुर ईश्वर तिवारी, संकुल समन्वयक श्रीमती उमा पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला रौहा श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, पीएम आत्मानंद स्कूल पंडरिया, सूर्य सिंह दुल्लापुर सहित पालक व ग्रामीण जन उपस्थित थें। संचालन विद्यालय के प्रधान पाठक पवन पाठक द्वारा सभी बच्चों को उपहार दिया गया।

## विधायक ने बारदाना, धान खरीदी, रेडी-टू-ईट व अंत्योदय खाद्यान्न योजना के संबंध में विधानसभा में उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश के प्रमुख विषयों को लेकर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निरंतर विषयों को उठाया जा रहा है। आज विधानसभा में उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु बारदाने के क्रय, धान खरीदी एवं उसके उठाव तथा रेडी-टू-ईट और अन्त्योदय खाद्यान्न योजना के संबंध में प्रश्न किया। भावना बोहरा ने प्रश्न करते हुए पूछा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 फरवरी 2025 तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु राज्य शासन द्वारा कहां-कहां से कितने नग बारदाने किस-किस दर पर खरीदे गए? शासन को समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु इस वर्ष कितने बारदाने की आवश्यकता थी तथा आवश्यकता के विरुद्ध कितने बारदानों की खरीदी की गई?

जिसका उत्तर देते हुए खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु मॉर्कफेड द्वारा जूट कमिश्नर कोलकाता के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 18 करोड़ 35 लाख 86 हजार नए बारदाने की खरीदी की गई। वहीं 3 करोड़ 29 लाख 06 हजार बारदाने पीडीएस दुकानों से खरीदे गए वहीं खरीफ विपणन हेतु वर्ष 2024-25 में 149.24 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के लिए 37 करोड़ 31 लाख 18 हजार बारदाने की आवश्यकता थी, जिसके विरुद्ध में 21 करोड़ 60 लाख नए बारदाने की खरीदी हुई और 4 करोड़ 75 लाख 28 हजार पुराने बारदाने की खरीदी हुई इस प्रकार लगभग कुल 26 करोड़ 35 लाख 28 हजार ही बारदाने की खरीदी की गई। उन्होने बारदाने की कमी और किसानों को हो रही चिंता के विषय में प्रश्न करते हुए कहा कि जूट उत्पादन की कमी की वजह से जुट के बारदाने की कमी हो रही है इसके लिए जूट उत्पादन करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजना बनाई जानी चाहिए इससे उन्हें तो प्रोत्साहन मिलेगा ही साथ ही बारदाने की कमी से किसानों को भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार को धान खरीदी हेतु जूट के बारदाने पर निर्भर है इसके लिए कोई वैकल्पिक उपाय भी जरुर सोचना चाहिए ताकि बारदाने की कमी होने से किसानों को अपना धान तय समय में बेचने में परेशानी न हो। वहीं बारदाने की खरीदी को लेकर भी उन्होंने कहा कि वर्तमान में जुट कमिश्नर द्वारा बारदाने की खरीदी प्राप्त उत्तर के अनुसार 62 रुपए से 72 रुपए की बीच है, जबकि निजी क्षेत्रों में इससे कम दाम पर बारदाने खरीदी की कोई प्रावधान है क्या? जिसके उत्तर में मंत्री ने बताया कि बारदाने की खरीदी के लिए जूट कमिश्नर से खरीदी करने हेतु केंद्र सरकार के निर्देश पर की जाती है। भावना बोहरा ने धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 फरवरी 2025 तक किसानों से कितने कितने मात्रा में धान की खरीदी की गई? खरीदी गई धान में से कितनी मात्रा में कस्टम मिलिंग हेतु उठाव हुआ है? कितनी मात्रा में उठाव शेष है? जिसका लिखित उत्तर देते हुए खाद्य मंत्री ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 57 10 फरवरी 2025 तक किसानों से 3,31,611.76 मे टन धान की खरीदी की गई। जिसके अंतर्गत विधानसभा के कुल 52 धान खरीदी केन्द्रों में विकासखंड कवर्धा, सहसपुर लोहारा एवं पंडरिया में कुल 331611.76 मे टन धान की खरीदी की गई। जिसमें 26 फरवरी तक 157134.46 मे टन धान का कस्टम मिलिंग हेतु उठाव हुआ है और 64090.93 मे टन धान उपार्जन केन्द्रों में उठाव हेतु शेष है।

### कितनी शिकायतों का निवारण किया गया है और कितनी शिकायतें लंबित है?: विधायक

विधायक ने प्रश्न किया कि अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत जिले में राशनकार्ड धारी अंत्योदय परिवारों की संख्या कितनी है एवं अंत्योदय राशनकार्डधारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 फरवरी 2025 तक कितना राशन दिया जा चुका है? अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत जारी राशन कार्ड में अनियमितताओं की कितनी शिकायतें वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में 10 फरवरी 2025 तक प्राप्त हुई है? कितनी शिकायतों का निवारण किया गया है और कितनी शिकायतें लंबित है? जिसके लिखित उत्तर में खाद्य मंत्री ने बताया कि जिले में अंत्योदय अन्न योजना के 64,688 राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डधारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 फरवरी 2025 तक 21,380 टन चांवल, 644 टन शक्कर, 661 टन नमक एवं 203 टन चना प्रदाय किया गया है। कबीरधाम जिले में प्रश्नांकित अवधि में अंत्योदय अन्न योजना के राशनकार्डो में अनियमितता की सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में 01 शिकायत प्राप्त हुई है, जिसका निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने विकासखंडवार जानकारी देते हुए बताया कि कवर्धा में कुल 15191, बोड़ला में 22562, पंडरिया में 17262 एवं सहसपुर लोहारा में 9673 लोग अंत्योदय राशनकार्डधारी हैं।

### रेडी-टू-ईट योजना अंतर्गत कितने समूहों को इसका लाभ मिल रहा है? भावना बोहरा

महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंध में प्रश्न करते हुए भावना बोहरा ने पूछा कि रेडी-टू-ईट योजना प्रदेश में कितने चरणों में लागू की जाएगी? प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ के कौन-कौन से जिलों में प्रारंभ की गई है, इस योजना अंतर्गत कितने समूहों को इसका लाभ मिल रहा है? शेष चरण प्रदेश में कब से लागू किए जाएंगे? कबीरधाम जिले में यह योजना कब तक लागू कर दी जाएगी? जिसके लिखित उत्तर में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि प्रदेश में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा रेडी-टू-ईट निर्माण कार्य लागू किए जाने की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। प्रथम चरण में महिला स्व सहायता समूह के द्वारा रेडी-टू-ईट निर्माण कार्य जिला बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदा बाजार, कोरबा, रायगढ़ एवं सूरजपुर में लागू किया जाएगा। प्रथम चरण के जिलो में योजना लागू किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रथम चरण के जिलों में सफलतापूर्वक संचालन पश्चात शेष जिलो में लागू किया जावेगा।

## नव-निर्वाचित पार्षद का श्रीफल व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭स/लोहारा

सहसपुर लोहारा में पाली समाज द्वारा होली स्नेह वार्षिक सम्मेलन एवं नव-निर्वाचित पार्षद का सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकमाता अहिल्या देवी होलकर के तैलचित्र को पुष्प, गुलाल और श्रीफल से विधि विधान से पूजा अर्चना कर सामाजिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया, समारोह में सम्मिलित समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा नव-निर्वाचित पार्षद श्रीमती पार्वती राजेन्द्र पाली का श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। समाज में शिक्षा के साथ एकता, भाईचारा की भावना, मिल-जुलकर सभी को सहयोग करने के लिए संबोधित किया, समाज के बच्चों के संस्कार और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की इच्छा जताई। विद्यार्थियों को समाज की ओर से प्रशस्त्रि पत्र व स्मृति चिह्न के साथ-साथ राशि देकर सम्मानित किया गया ताकि विद्यार्थियों का मनोबल सबल हो सके। तत्पश्चात सामाजिक विषय पर चर्चा हुई सभी गांव की कुटुंब जन अपनी-अपनी समस्या रखी जिसका निराकरण सभी मिल जुलकर किए। जिसमे अध्यक्ष रमेश कुमार पाली, सचिव भागवत प्रसाद पाली, कोषाध्यक्ष जोगराम पाली, उपाध्यक्ष नंदूराम पाली, युवा सदस्य लोकनाथ पाली, विनोद पाली, दउवा पाली, महिला सदस्य लक्ष्मी इंदल पाली, कमला गंधुक पाली का चयन किया गया, समारोह में उपस्थित समाज के सभी प्रतिष्ठित जनो ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव युवा सदस्य, को गुलाल लगाकर पुष्प-माला पहना कर भव्य स्वागत किया।

### निर्विरोध उप-सरपंच चुने गए: सिद्धांत मिश्रा, ग्रामीणों में उत्साह



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत महली-सिरमी ग्राम पंचायत से सिद्धांत मिश्रा को ग्रामीणों द्वारा निर्विरोध उपसरपंच चुने गए, ग्रामीणों ने बताया कि पंच एवं सरपंच द्वारा ग्राम महली-सिरमी के विकास के लिए और पंचायत में सामंजस्य के साथ सभी एक मत होकर सिद्धांत मिश्रा को निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धांत मिश्रा अभाविप से छात्र राजनीति से शुरुआत की थी उसके बाद वे नगर पंचायत पाण्डातराई कॉलेज छात्र नेता के उपाध्यक्ष रहे, वर्तमान में पाण्डातराई मंडल के युवा मोर्चा के महामंत्री के पद पर पदस्थ है। ग्रामवासियों ने सिद्धांत मिश्रा को निर्विरोध उपसरपंच चुने जाने पर ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम के विकास के लिए हमेशा तत्पर होगें।

**शासकीय हायर सेकेंण्डरी व पूर्व माध्यमिक शाला में समस्याओं का अंबार**

## जेवड़न खुर्द स्कूल के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं बुनियादी सुविधाओं के लाभ से वंचित, बढ़ी परेशानियां



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंण्डरी व पूर्व माध्यमिक शाला के अध्ययनरत स्कूली छात्र-छात्राओं को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल परिषर में समस्यओं के अंबार होने के कारण विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधा नही मिल पा रही है। आसपास क्षेत्र के लगभग 10 से 15 गांव के छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई लिखाई के लिए पढ़ाई करने के लिए पहुंचते हैं, वही समय-समय पर हायर सेकेण्डरी स्कूल में पात्रता परीक्षा और अन्य परीक्षाएं भी शिक्षा माध्यमिक मंडल द्वारा आयोजित किए जाते हैं, लेकिन रवेली मार्ग स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर व खराब होने के कारण आवाजाही में भारी परेशानिया व स्कूल परिसर मैदान में बॉउड्रीवॉल के अभाव में शराबियों का अड्डा बना हुआ है। शाम ढलते ही शराबियों द्वारा स्कूल परिसर मैदान में शराब पीने व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने लगता है। वहीं स्कूल परिसर में शराब की बोतल, डिस्पोजल और पानी पाउच से पटा हुआ है। जिससे छात्र-छात्राओं के ऊपर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिस पर पालकगण व ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार जनप्रतिनिधियो को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई ताकि स्कूल परिसर में बॉउड्रीवॉल, सायकल स्टैंण्ड तथा सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि स्कूली छात्र छात्राओ को सुविधा व लाभ मिल सकें।

## तीन दिवसीय विशाल दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर 20 से

**कवर्धा।** भारतीय जैन संघटना छत्तीसगढ़ एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त तत्वधान में दिव्यांग सेवा शिविर 20 से 22 मार्च तक पीजी कॉलेज डोम कवर्धा में आयोजित किया जाएगा। इस विशाल शिविर में दिव्यांग भाई-बहनों को कृत्रिम हाथ-पैर, श्रवण यंत्र, ट्राई सायकल, व्हीलचेयर, कैलीपर्स आदि आवश्यकता अनुसार निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। भारतीय जैन संघटना के संभाग अध्यक्ष अमित बरडिया, सचिव विकास सेठिया ने बताया कि लाभार्थियों के भोजन एवं आवास की सुविधा एक सहायक के साथ निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। तद् हेतु संपर्क प्रतीक लूनिया, राजा श्रीश्रीमाल, अनिल लुनिया से किया जा सकता है। कार्यक्रम के बेहतर संयोजन हेतु जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, जैन समाज कवर्धा का उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। चैप्टर अध्यक्ष सुनील लूनिया, सचिव नयन झाबक, महिला शाखा अध्यक्ष रितु बरडिया, सचिव पूजा बाठिया सहित समूचे बीजेएस संघठन द्वारा सफलता पूर्वक आयोजन संपन्न कराने हेतु जोर शोर तैयारियां की जा रही है। इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शहरवासी तथा क्षेत्रवासी गण लाभ उठाने अपील किया गया है। ज्ञातव्य है की इस शिविर की परिकल्पना को साकार करने हेतु बीजेएस के छत्तीसगढ़ प्रदेश समन्वयक स्वस्थ सेवा प्रोग्राम डॉ अतुल जैन अनवरत प्रयासरत है

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप



### सोढ़ा में 8 वी के बच्चों को दी गई विदाई

**रबेली।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला-सोंढ़ा में कक्षा 8 वीं के बच्चों को कक्षा 6 वी, 7 वी के बच्चों के द्वारा गत सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। जिसमें 6 वीं की छात्रा प्रिया तथा पावनी ने विदाई गीत की प्रस्तुति दी एवं कक्षा 8 वीं की छात्रा मधु, मईया, प्रतिज्ञा ने भजन व प्रेरणा गीत गाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सोढ़ा के सरपंच पति रामावतार चंद्रवंशी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी उपस्थित थे। मंच संचालन आशीष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक देवानंद चंद्रवंशी, श्रीमती प्रतिमा पाण्डेय उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने बच्चों को आर्शीवचन दिया।

### विभाग ने महुआ शराब की जप्त

**कवर्धा।** ग्राम घोघरा में हाफ नदी के किनारे अवैध महुआ शराब बनाई जा रही थी। आबकारी टीम पहुंची तो आरोपी भाग निकले। मौके से 80 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त हुई। इसकी कीमत 8 हजार रुपए आंकी गई है। वहीं 200 किलो महुआ लाहन भी मिला, जिसे नष्ट कर दिया गया।

**कार्यवाही: एक आरोपी गिरफ्तार, वनोपज तस्करी में प्रयुक्त ट्रक जप्त**

# पुलिस ने जब्त की 8.830 क्विं वनोपज खैर की अवैध लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा/चिल्फी

चिल्फी पुलिस ने बीते सामवार को मुखबीर की सूचना पर बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध वनोपज खैर की लकड़ी जप्त की है। पुलिस ने इस मामले में जहां एक ट्रक को जप्त कर 8.830 क्विंटल वनोपज खैर की लकड़ी जप्त की है वहीं ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया है।

जप्त वनोपज खैर की लकड़ी का बाजार मूल्य करीब 9 लाख रूपए आंका गया है। पुलिस अब मामले में आगे की कार्यवाही कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को चिल्फी पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली की ट्रक क्रमांक जेएच 09 बीसी 6264 में वनोपज खैर लकड़ी भरकर अवैध रूप से चिल्फी होते हुए मध्यप्रदेश की ओर ले जाई जा रही है।

इस सूचना पर चिल्फी पुलिस ने मामले की जानकारी तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे में नाकाबंदी कर चिल्फी की ओर आने वाले वाहनो की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को मुखबीर द्वारा बताए गए नम्बर वाला ट्रक आते हुए देखा जिसे पुलिस ने रोक कर वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को ट्रक में भरी वनोपज खैर की लकड़ी मिली। जिसके संबंध में पुलिस ने वाहन चालक से जानकारी मांगी।

लेकिन आरोपी वाहन चालक रंजित सिंह पिता बलदेव सिंह आयु 20 वर्ष, निवासी थाना कत्थूनंगल, जिला अमृतसर, पंजाब वनोपज खैर की लकड़ी के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया और न ही पुलिस को कोई संतोषजनक जवाब दे पाया।

जिसके बाद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को अपराध क्रमांक 10/2025, धारा 336, 340 बीएनएस एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 42 के तहत मामला दर्ज गिरफ्तार कर लिया और मामले को विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना चिल्फी के सहायक उप निरीक्षक शिवेंद्र मोहन उपाध्याय एवं आरक्षक पंकज यादव, अमन वाहने, पप्पू पनागर, संतोष साहू, सुभाष सोनकर तथा गवाह सुरेश झारिया और अश्वनी कुमार विश्वकर्मा ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

### सरायपाली से ट्रक में लोड कराई गई थी खैर की लकड़ी




चिल्फी पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी ट्रक चालक ने पूछताछ के दौरान खुलासा करते हुए बताया कि लकड़ी सरायपाली से किसी अविनाश उर्फ सन्नी चांवला द्वारा लोड कराई गई थी। लेकिन लकड़ी से संबंधित कोई दस्तावेज उसे नहीं दिए थे। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस जारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया और वाहन को लक्ष्मीनारायण धर्मकांटा, बोड़ला में तौल कराया गया तथा आगे की कार्यवाही की गई।

### अवैध तस्करी पर जारी रहेगी कार्यवाही

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में लगातार सक्रिय है और अवैध शराब से लेकर मवेशी तस्करी तथा दूसरी अवैध तस्करियों को अंजाम देते रहते हैं। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि तस्करों के खिलाफ इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उन्होने मार्ग के पुलिस थानों की पुलिस को चौकसी बरने के निर्देश दिए हैं।

# जपं कवर्धा व स.लोहारा में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कार्यक्रम आज

- क्षेत्र का समुचित विकास पदाधिकारियों की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा






जिले की जनपद पंचायत कवर्धा एवं स.लोहारा में हाल के दिनो में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न होने के बाद अब नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के साथ निर्वाचित सदस्यगण कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसके लिए बकायदा समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है। जनपद पंचायत प्रशासन इसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

इस संबंध में दोनों ही जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक कवर्धा जनपद पंचायत की नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघले एवं उपाध्यक्ष गणेश तिवारी 12 मार्च को जनपद कार्यालय कवर्धा में बकायदा पदभार ग्रहण करेंगे। इसी प्रकार 12 मार्च को ही जनपद पंचायत स.लोहारा की नवनिर्वाचत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह तथा उपाध्यक्ष अशोक पटेल पदभार ग्रहण करेंगे। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार कवर्धा तथा स. लोहारा में भाजपा समर्पित उम्मीदवारों ने शासनदार प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों में कब्जा किया है।

जिसे लेकर भाजपा खेमे के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला है। पदभार ग्रहण करने के पूर्व दोनो ही जनपद पंचायत के नवनिर्वार्चित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने कहा कि 12 मार्च को वे पदभार ग्रहण करने के बाद अपने जनपद क्षेत्र के लोगों से किए गए वायदों को पूरा करने तथा क्षेत्र के समुचित विकास की दिशा में कार्य करने जुट जाएंगे।

उन्होने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाओं के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन पर जो भरोया जताया है उस पर खरा उतरने का वे पूरा प्रयास करेंगे।

# कवर्धा विस में 13 करोड़ 45 लाख से बनेगी 17 किमी लंबी 07 सड़कें

## ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई लहर लाएगी: विजय शर्मा

- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित होंगी सड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 2025-26 के बजट में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 17 किलोमीटर लंबी 07 नई सड़कों का निर्माण होगा। इन सड़कों के निर्माण कार्यो के लिए कुल 13 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे ग्रामों को शहर से जोड़ने में मदद मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई दिशा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के लगातार जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों द्वारा किए गए मांगों पर बजट में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किया था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों के मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया, और उनके अनुरोध पर यह प्रावधान बजट में शामिल किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामवासियों की मांग को गंभीरता से लिया और इस विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री से विशेष अनुरोध किया, जिससे बजट में यह राशि स्वीकृत हुई। छत्तीसगढ़ के दूसरे बजट में कवर्धा विधानसभा में 17 किलोमीटर लंबी 07 नई सड़कों के लिए 13 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत लालपुर से तारों, लंबाई 2.5 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 5 लाख रूपए, मिनमीनिया से मारयाटोला लंबाई 2 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 60 लाख रूपए, रेंगाखार रोड़ से बोदलपानी लंबाई 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 20 लाख रूपए, महली से भलपहरी लंबाई 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रूपए, अंधरीकछार से खिरसाटोला लंबाई 2 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रूपए, बहनाखोदरा मिडिल स्कूल के पास से सुपापानी बॉडर तक लंबाई 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 40 लाख रूपए और राम्हेपुर से बाम्हनटोला लंबाई 1.5 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 20 लाख रूपए की स्वीकृती दी गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री साय ने हमारी और ग्रामीणों की मेहनत को सराहा और कवर्धा विधानसभा में 17 किलोमीटर लंबी 07 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी। यह सड़कों का निर्माण न केवल हमारे गांवों को शहर से जोड़ेगा, बल्कि यहां के विकास को गति भी देगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस क्षेत्र में सड़कों के निर्माण से गांवों में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और साथ ही किसानों को अपनी उपज शहर तक पहुंचाने में आसानी होगी। इन सड़कों का निर्माण कृषि, व्यापार, और परिवहन के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। सड़कों के निर्माण से कवर्धा विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में एक विकास की नई लहर लाएगी और गांवों को शहर से जोड़कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### शहर से आवागमन में होगी आसानी

कवर्धा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण से गांवों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। इससे गांवों से शहरों तक का आवागमन आसान हो जाएगा, जिससे न केवल व्यापारिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं की पहुंच भी बेहतर होगी। नई सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास होगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क निर्माण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# नगर पालिका कवर्धा ने खरीदी नई एक्सीवेटर नाला मशीन

- नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व पार्षदों ने की पूजा अर्चना,नालों की सफाई में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व पार्षदों ने आज एक नया एक्सीवेटर नाला मशीन और काउ कैचर पशु वाहन का पूजा-अर्चना किया। पूजा अर्चना कर नाला मशीन का उपयोग गुरूनाला व अन्य बडे नालों में किये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत बड़े नाला-नालियों का साफ-सफाई किये जाने हेतु नया एक्सीवेटर चैन माउंटेन वाहन एवं सड़को पर घुम रहे पशुओं को गौशाला, गौठान तक ले जाने हेतु काउ केचर पशु वाहन खरीदा गया है नया वाहन की खरीदी से वृहद साफ-सफाई और पशु सेवाओं को सुधारने के उद्देश्य से किया गया। उन्होनें बताया कि नया एक्सीवेटर वाहन नालों की सफाई व्यवस्था में सहायता करेगा साथ ही नगर पालिका सेवाओं की क्षमता बढ़ाएंगे। इस नवीन वाहन से शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की उम्मीद है साथ ही नालों की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्याएं कम होंगी और शहरवासियों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद रिंकेश वैष्णव, देवकुमार साहू, सुनील साहू, सौखी आहिरवार, दुर्गेश अवस्थी, दीपक सिन्हा, योगेश चंद्रवंशी, शंभू देवांगन, बिन्नू तिवारी, केशरी चंद सोनी, अनिल साहू, हरीश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे, उप अभियंता विरेन्द्र नवघरे, राजेश मिश्रा व अन्य प्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# टीचर्स एसोसिएशन ने प्राचार्य के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति की किया मांग

- पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्राचार्य के 3860 पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेशभर के हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्राचार्य के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति देने की मांग किया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश के कुल 4730 शासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 3860 स्कूलों में प्राचार्य का पद रिक्त है। इसमें से 90 प्रतिशत व्याख्याता व मिडिल प्रधान पाठक से पदोन्नति एवं 10 प्रतिशत पद व्याख्याता से परीक्षा के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है। इस प्रकार प्राचार्य के कुल 3860 रिक्त पदों में से पदोन्नति के लिए 3474 एवं परीक्षा के लिए 386 पद होते हैं। लंबे इंतजार के बाद वर्तमान में प्राचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया जारी है।

अतः स्कूल शिक्षा विभाग प्राचार्य पद में पदोन्नति के लिए निर्धारित सभी 90 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति प्रदान करे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि ने पदोन्नति के साथ ही परीक्षा के माध्यम भर्ती के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत पदों के लिए भी अविलंब विज्ञापन जारी करने की मांग किया है।

### जिले में प्राचार्य के 141 पद रिक्त

जिले के कुल 74 हाई स्कूल में से 73 एवं 77 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 68 में प्राचार्य के पद रिक्त है। इस प्रकार जिले के कुल 151 हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 141 में प्राचार्य का पद रिक्त है।

### शिक्षक से व्याख्याता में पदोन्नति का इंतजार

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि शिक्षक से व्याख्याता के पद पर पदोन्नति के लिए भी लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा लगातार जानकारी मंगाया जा रहा है, लेकिन अब तक पदोन्नति नहीं हो पाया है। अतः व्याख्याता के रिक्त पदों पर भी विषयवार अंतिम वरिष्ठता सूची जारी कर प्रशिक्षित शिक्षकों को अविलम्ब पदोन्नति प्रदान किया जावे।

## परीक्षा केन्द्रों का जिला उड़नदस्ता दल द्वारा औचक निरीक्षण



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 के अंतर्गत मंगलवार को विज्ञान संकाय के लिए भौतिक शास्त्र एवं कला संकाय के परीक्षार्थियों के लिए भूगोल विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा की सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के उड़नदस्ता दल के सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर, एमआईएस प्रशासक सतीश यदु एवं व्याख्याता भगवती हठीले द्वारा कवर्धा विकासखंड के सेजेस हिन्दी माध्यम कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा, सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा एवं बोडला विकासखंड के भोरमदेव कन्या परिसर महाराजपुर परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों के लिए समुचित पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन एवं पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित रही। निरीक्षण दल को किसी भी परीक्षा केन्द्र में अनुचित साधनों के उपयोग की कोई शिकायत नहीं मिली, तथा नकल प्रकरण की संख्या शून्य रही। निरीक्षण दल ने केन्द्रों में परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु ग्लूकोज एवं प्राथमिक उपचार सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। साथ ही, बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं पंजियों के समुचित संधारण की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई, जो संतोषजनक पाई गई।

**लगातार की दबिश के बाद भी अभी तक नहीं दबोचा गया कोई भी नकलची**

# क्या जिले में नकल से नहीं अकल से दे रहे हैं बोर्ड परिक्षार्थी परीक्षा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा विगत 1 मार्च से आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल कक्षा 12 वीं तथा 3 मार्च से आयोजित हाई स्कूल कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा जिले के सभी 75 परीक्षा केन्द्रों में शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जा रही है। इन परीक्षा केन्द्रों में आयोजित दोनों ही बोर्ड परिक्षाओं का अभी तक कोई भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया है। जिसे देखते हुए माना जा रहा है कि या तो परिक्षार्थी नकल से नहीं बल्कि अकल से परीक्षा दे रहें हैं या फिर प्रशासन द्वारा नकल पकड़ने गठित किए गए उड़नदस्ता उन वनांचल व अंदरूनी ईलाकों के उन परीक्षा केन्द्रों तक पहुंच ही नहीं पा रहा है जहां नकल होने की आशंका जताई जाती है। गौरतलब है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए जिले से कुल 12567 परिक्षार्थियों ने आवेदन किया है वहीं कक्षा 12 वीं के लिए 8715 परिक्षार्थियों ने आवेदन किया है। विभागीय जानकारी के मुताबिक 1 मार्च से प्रारंभ कक्षा 12 वीं की परीक्षा के लिए अभी तक कुल पांच पर्चे हो चुके है। जिसमें हिन्दू, अंगेजी, गणित, भौतिक शास्त्र जैसे माहत्वपूर्ण विषय के पर्चे शामिल है। वहीं 3 मार्च से से प्रारंभ कक्षा 10 वीं के लिए चार पर्चे सम्पन्न हो पाए हैं जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित विषय के पर्चे शामिल हैं। लेकिन जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग द्वारा नकलचियों पर पैनी नजर रखने गठित किए गए उड़नदस्ता को इन परिक्षाओं के दौरान कोई भी नकलची नहीं मिला है। हां ये अलग विषय है कि गठित उड़नदस्ता नकलचियों को खोचने में रूची ले रहा है या नहीं। यहां बताना लाजमी होगा कि इस बार कलेक्टर ने जिले के सभी विकासखण्डों में उडऩदस्ता दल का गठन किया है। दलों को परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्था बनाए रखने और नकल प्रकरण को रोकने के सख्त निर्देश दिए गए है। इन दलों को परीक्षा केन्द्रों में निरीक्षण के लिए परीक्षा केन्द्र आंबटित किए गए है वहीं डिप्टी कलेक्टर के नेतृत्व में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जो लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। लेकिन सूत्रों की माने तो इन उडऩदस्ता दलों द्वारा शहरी क्षेत्रों के आसपास के केन्द्रों में ही निरीक्षण किया जा रहा है वनांचल व अंदरूनी ईलाकों तक टीम नहीं पहुंच पा रही है। इसके अलावा उड़नदस्ता दल की गोपनियता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

# ग्राम खपरी में फाग प्रतियोगिता का आयोजन, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



युवा जनप्रतिनिधि अश्वनी राजपूत ने एक सराहनीय प्रयास करते हुए ग्राम पंचायत मेहना के आश्रित गांव खपरी (वार्ड नंबर 12) में होली मिलन फाग कार्यक्रम आयोजित कर विलुप्त होती ग्रामीण परंपराओं को पुनर्जीवित करने की पहल की है। उन्होने कहा कि गावों में फाग गायन, लोकनृत्य और होली मिलन की परंपरा धीरे-धीरे लुप्त हो रही थी। अश्वनी राजपूत ने इसे फिर से जीवंत कर बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों को जोड़ने का प्रयास किया। यह कार्यक्रम सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का प्रयास है। अश्वनी राजपूत की यह पहल गाँव की परंपराओं को फिर से जीवंत

## सार समाचार

### हैदलकोड़ो में 15 से फाग स्पर्धा

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड के ग्राम हैदलकोड़ो (गैंदाटोला) में होली त्यौहार के अवसर पर बस्तरिया सेवक परिवार और समस्त ग्रामवासी द्वारा दो दिवसीय फाग महोत्सव का आयोजन 15 एवं 16 मार्च को किया जा रहा है। ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच होमकुमार साहू ने बताया कि फाग महोत्सव में झांकी वर्ग में पुरस्कार प्रथम 5001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ 1001, पंचम 701, षष्ठम 501 तथा इसी तरह गायन वर्ग में पुरस्कार प्रथम 7001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ 1001, पंचम 701 एवं षष्ठम 501 रुपए रखा गया है। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागी मंडली को सदाबहार पुरस्कार एवं विशेष पुरस्कार भी दिया जाएगा। आयोजक समिति के सदस्य में किशोर साहू, खिल्लू सेन, भोजराज साहू, सूरज साहू, योशमन उइके, बुधारू उइके, सतीश साहू, ठाकेश्वर साहू, राजू साहू, डेविड नेताम, हेम साहू, निर्मल, पुनीत, झल्लू, मुकेश, देवानंद, भुनेश्वर, मनसुख, ईश्वर, ख़ुमेश, विक्की, वैभव, मुकेंद्र,गुलाब, लीला, भोलू, प्रवीण, डोमन, सुरेंद्र, डेमन, छोटू बड़, अश्वंत, मिशन, बबलू, बुधारू साथ ही अन्य सहयोगी सदस्य सम्मिलित हैं।

### महिला दिवस पर वंदना का सम्मान

**राजनांदगांव।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विप्र समाज के विविध क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त महिलाओं का सम्मान किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हेतु अपना विशिष्ट पहचान रखने वाली विदुषी विप्र महिलाओं का महिला शिखर सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। राजनांदगांव जिले से शिक्षा एवं विप्र समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर के नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे के कर कमलों से वंदना आलोक तिवारी को महिला शिखर सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। सम्मान में शताब्दी पांडेय, सरिता दुबे, नमिता शर्मा व अरविन्द ओझा शामिल हुए।




## सभी चुनाव में जीत कार्यकर्ताओं की बदौलत, काम करने में नहीं होगी दिक्कत

# संजय व प्रशांत ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया




त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के बाद आज छुरिया जनपद पंचायत में अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा व उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर सहित 23 सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सचिन सिंह बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव व किरण वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर कर किया गया। पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों का स्वागत किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू ने पदभार ग्रहण करवाया। प्रथम सम्मेलन को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सचिन सिंह बघेल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी चुनावों में जीत हासिल किये वो कार्यकर्ताओं की देन है। पंच, सरपंच, जनपद, जिला में सभी जगह हमारे लोग है, काम करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। कार्यक्रम को नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दिनेश गांधी, रमेश पटेल, गीता घासी साहू, रविंद्र वैष्णव, चंद्रिका प्रसाद डडसेना, एमडी ठाकुर, हिरेंद्र साहू, कैलाश शर्मा, सुरेंदर सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, बोधन साहू, रामकुमार गुप्ता, शेखर भरतद्वाज, कांता प्रसाद साहू, खिलेश्वर साहू, हिरदे देवांगन, रवि सिन्हा, गोलू सूर्यवंशी, नैनसिंग पटेल, राजेश्वर ध्रुवे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रकाश महोबिया बने नगर पंचायत उपाध्यक्ष

**छुईखदान।** पिछले महीने हुए नगर पंचायत चुनाव में नगर पंचायत छुईखदान में अध्यक्ष और पार्षदों का चुनाव संपन्न हुआ था। जिसमें नगर पंचायत छुईखदान में कांग्रेस पार्षदों की संख्या 8 और भाजपा पार्षदों की संख्या 7 थी। उसी समय से यह तय माना जा रहा था कि उपाध्यक्ष की कुर्सी कांग्रेस के हाथों में जाएगी।

आज हुए उपाध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस ने जहां प्रकाश महोबिया को प्रत्यासी बनाया तो वहीं भाजपा ने पूर्व उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया को प्रत्याशी बनाया। मतदान उपरांत हुए मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी को 9 वोट मिले वहीं पर भाजपा प्रत्याशी को 7 वोट मिले। जिसमें प्रकाश महोबिया उपाध्यक्ष चुने गए। कांग्रेस पार्षदों का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे, गिरिराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, संजीव दुबे, सज्जाक खान, हेमंत वैष्णव, अनुराग सोनी, अनिमेष महोबिया, मनोज चौबे, राजेश चौबे, रामकुमार पटेल सहित कांग्रेस के नेतागण उपस्थित थे।



### रिटर्निंग आफिसर ने की घोषणा

प्रकाश मौर्य की जीत की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत के द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 8 पार्षद और भारतीय जनता पार्टी के साथ पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं जिसमें अध्यक्ष का एक वोट करके कांग्रेस पार्टी को 9 और भारतीय जनता पार्टी को 7 वोट मिले। इस प्रकार से नगर पंचायत छुईखदान के प्रकाश महोबिया उपाध्यक्ष चुनाव बनने में कामयाब हो गए।

## अशांति फैलाने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले आरोपियों को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार होली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस द्वारा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे क्षेत्र में शांति व्यस्था बनाए रखने हेतु सतत अभियान के तहत 10 मार्च को चौकी चिखली में आम जनता की शिकायतों के आधार पर अलग-अलग टीम गठित कर बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्रवाई किया जा रहा है। अभियान के तहत स्टेशनपारा में आने-जाने वाले राहगीरों के साथ झगड़ा-विवाद कर अशांति फैला रहे आरोपी त्रिदेवसिंग राजपूत 35 साल साकिन वार्ड नं. 13 स्टेशनपारा, योगेश यादव 24 साल साकिन साकिन वार्ड नं. 11 स्टेशनपारा, चिखली रमन बाजार में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था, जिसे साक्षियों द्वारा पूछने पर तुम कौन होते हो पूछने वाले कहकर वाद-विवाद कर मोहल्ले में अशांति फैलाने वाले आरोपी विक्की ठाकुर 19 साल ग्राम जंगलपुर, पिंटू क्षत्री 19 साल निवासी ग्राम नवागांव, चिखली तालाब पार वार्ड नं. 10 में आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर मोहल्ले में आने-जाने वाले लोगों को अकारण गाली-गलौज, अशांति फैलाने वाले अनावेदक चुम्मन यादव उर्फ लक्की यादव 21 साल साकिन चिखली तालाब पार वार्ड नं. 10 चौकी चिखली, शंकरपुर मोहल्ले में आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर मोहल्ले में आने-जाने वाले लोगों से वाद-विवाद, गाली-गलौज कर मोहल्ले में अशांति फैलाने वाला आरोपी सेवकराम साहू उर्फ अज्जू साहू 19 साल निवासी शंकरपुर वार्ड नं. 10 के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया। आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## जनपद अध्यक्ष प्रतिमा ने ग्रहण किया पदभार

- कोमल के मुख्य अतिथि में किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायती राज चुनाव के बाद आज राजनांदगांव जनपद पंचायत में अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर व उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा सहित 23 सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कोमल सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष भाजपा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। पश्चात राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सद्स्यों का फूलमाला से स्वागत किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पदभार ग्रहण करवाया। प्रथम सम्मेलन को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया।



### शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

कार्यक्रम में कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि आज सभी चुनावों में जीत हासिल किए, वो कार्यकर्ताओं की देन है। पंच, सरपंच, जनपद, जिला में सभी जगह हमारे लोग हैं। काम करने में कोई दिक्कत नहीं होगा। जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहूंगी। क्षेत्र की सर्वांगीण विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करती रहूंगी। जनपद पंचायत प्रथम सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, विवेक साहू, लीलाधर साहू, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, महेश यादव, जागेश्वर साहू, परदेसीराम सोनबोइर, कृष्णा तिवारी, पप्पू चंद्राकर सहित नवनिर्वाचित जनपद सदस्यगण मौजूद रहे।

